


# 18 घंटे बंद रहेगा हाईवे, परिवर्तित रहेगा मार्ग

## 18 मार्च की रात 11 से 19 मार्च की शाम पांच बजे या कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा डायवर्जन

**राष्ट्रपति का अयोध्या दौरा, सुरक्षा को लेकर लिया गया निर्णय**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी 19 मार्च के अयोध्या दौरे को लेकर यातायात पुलिस ने अयोध्या जिले से जुड़ने वाले सभी राष्ट्रीय व प्रादेशिक राजमार्ग को 18 घंटे बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान भारी वाहन जैसे मालवाहक वाहन, ट्रक, ट्रैक्टर, डीसीएम आदि को अन्य मार्ग पर डायवर्ट किया जाएगा। यह डायवर्जन 18 मार्च की रात 11 से 19 मार्च की शाम पांच बजे या कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा।

वहीं 19 मार्च की सुबह से रामपथ पर उदया चौराहे से लता चौक तक व धर्मपथ पर साकेत पेट्रोल पंप बैरियर से लता चौक तक के मार्ग पर किसी प्रकार के वाहनों के चलने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही बाहरी वाहनों को भी अयोध्या धाम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं शहर के अंदर भी पूर्व में तय डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं को पैदल ही राम मंदिर या अन्य स्थानों पर दर्शन पूजन के लिए जाना होगा। अपर पुलिस अधीक्षक यातायात एपी सिंह ने बताया कि यह प्रतिबंध आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा।

### हाईवे पर इस तरह रहेगा डायवर्जन

- सुल्तानपुर से आने वाले वाहनों को कूड़ेभार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- रायबरेली से आने वाले वाहनों को हलियापुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।
- आजमगढ़, अम्बेडकरनगर से आने वाले वाहनों को गोहन्ना मोड़ अम्बेडकरनगर से दोस्तपुर होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को भिटरिया रामसनेही घाट से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्प्रेस-वे की ओर भेजा जाएगा।
- जनपद बस्ती की ओर से आने वाले वाहनों को लोलपुर से नवाबगंज गोंडा की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- जनपद गोंडा की ओर से नवाबगंज से आने वाले वाहनों को लकड़मंडी से लोलपुर से बस्ती की ओर भेजा जाएगा।
- जनपद गोरखपुर से वाहनों का डायवर्जन गोरखपुर से लिंक एक्सप्रेस-वे होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- जनपद गोरखपुर-संतकबीरनगर-बस्ती से आने वाले वाहनों को फुटहिया चौकी कोतवाली नगर बस्ती से कलवारी से टांडा, यहां से अकबरपुर से दोस्तपुर होते हुए से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- गोरखपुर की ओर से आने वाने वाहनों का संतकबीर नगर (खलीलाबाद), मंझरिया तिराहा से कटका से मैंनसिर से धनघटा होते हुए बिल्हरघाट फ्लाईओवर से अम्बेडकरनगर, दोस्तपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा।
- गोरखपुर, संतकबीरनगर, बांसी, मेंहदावल, डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, गोंडा से आने वाले वाहन जरवल रोड तिराहा से वापस आकर बहराइच की ओर जाकर टिकोरा मोड़ से चहलरी घाट रोड होते हुए सिधौली सीतापुर-लखनऊ मार्ग की ओर जाएंगे।
- जनपद बलरामपुर, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती से अयोध्या होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों को टिकोरा मोड़ से चहलरी घाट रोड होते हुए सिधौली सीतापुर-लखनऊ मार्ग की ओर भेजा जाएगा।
- जनपद कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को कानपुर, उन्नाव, मौरावां, मोहनलालगंज, गोसाईगंज, चांद सराय से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- जनपद लखनऊ में आगरा एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहनों को मोहान, जुनाबगंज, से मोहनलालगंज से गोसाईगंज से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर डायवर्ट किया जाएगा।
- जनपद सीतापुर, शाहजहांपुर से आने वाले वाहनों को आईआईएम रोड दुबग्गा से आलमबाग, नहरिया से शहीदपथ होते हुए अहीमामऊ से होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

### साकेत महाविद्यालय व रामकथा पार्क स्थित हैलीपैड पर बना सेफ हाउस

राष्ट्रपति की सुरक्षा के मद्देनजर राष्ट्रपति की सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियों व जिले के अधिकारियों ने सुरक्षा का फुल प्रूफ प्लान तैयार किया है। संभावना जताई जा रही है कि राष्ट्रपति एयरपोर्ट पर विशेष विमान से उतरेंगी, फिर यहां से सेना के हेलीकॉप्टर से अयोध्या पहुंचेंगी। अयोध्या में साकेत महाविद्यालय व रामकथा पार्क स्थित हैलीपैड पर सुरक्षा को लेकर सेफ हाउस बनाया गया है। इसके अलावा एयरपोर्ट से लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए महोबरा चौराहे से अेढ़ी बाजार होते हुए राम मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग को भी रिजर्व में रखा गया है।



अफसरों ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

राम मंदिर परिसर में निरीक्षण करते मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

**अयोध्या, अमृत विचार।** वीवीआईपी दौरे को लेकर मंगलवार को मंडलायुक्त राजेश कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सभी राम मंदिर परिसर में भी गए व दर्शन मार्ग से लेकर कार्यक्रम स्थल भी गए व एक-एक व्यवस्थाओं को कई बार परखा। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता, आपसी समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही चेतावनी भी दी कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्वागत में सजेगी राम नगरी बनेंगे 20 सांस्कृतिक मंच

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** अयोध्या में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन, संस्कृति विभाग और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से पूरे शहर को भव्य और सांस्कृतिक स्वरूप में सजाया जा रहा है। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग के प्रयास से एयरपोर्ट से राम मंदिर गेट तक भव्य स्वागत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शहर की सड़कों पर करीब 20 सांस्कृतिक मंच सजाए जाएंगे, जहां लगभग ढाई सौ कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि इन मंचों पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकार रामायण आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। अयोध्या की परंपरागत संस्कृति को दर्शाने के लिए रामलीला अंश प्रस्तुति, अवधी लोकनृत्य, झांकी, ढोल-नगाड़ा, शंखनाद, वेदपाठ और भजन संकीर्तन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रमुख स्थानों पर मंच लगाए जाएंगे, जिनमें एयरपोर्ट रोड, नाका, देवकाली, चूड़ामणि चौराहा, निषाद राज चौराहे, बृहस्पति कुंड के पास और राम मंदिर गेट के निकट के क्षेत्र शामिल हैं। छोटे मंचों पर लगभग 7 कलाकारों की टीम प्रस्तुति देगी, जबकि बड़े मंचों पर करीब 15 कलाकारों की टीम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी।

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम को अधिकारियों को दी गई ब्रीफिंग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राष्ट्रपति के प्रस्तावित अयोध्या कार्यक्रम को लेकर पुलिस लाइन में अफसरों को ब्रीफिंग दी गई। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा प्रवीण कुमार, कमिश्नर राजेश कुमार, डीआईजी श्री सोमेन बर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम स्थल, आगमन एवं प्रस्थान मार्ग (रूट चार्ट), ड्यूटी प्लान, सुरक्षा प्रबंधन और विभिन्न विभागों के समन्वय पर विशेष जोर रहा। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के लिए कहा गया। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, रूट पर यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था का निर्देश दिया गया। आपात स्थिति से निपटने हेतु पर्याप्त संख्या में चिकित्सा टीमों, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाओं, कार्यक्रम स्थल एवं मार्गों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओ पर चर्चा की गई। निर्देश दिया गया।

### न्यूज ब्रीफ

## पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शव

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के राजौरा ग्राम पंचायत में मंगलवार की सुबह एक अधेड़ का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी राजबली (55) के रूप में हुई है, जो गांव के बाहर अपने खेत की रखवाली करते थे और वहीं छप्पर डालकर रहते थे। परिवारीजनों के अनुसार वह सोमवार रात रोज की तरह खेत पर ही रुके थे। मंगलवार सुबह जब उनकी पत्नी जगपता घर से खेत की ओर पहुंचीं तो उन्होंने अपने पति का शव गमछे के सहारे आम के पेड़ से लटका देखा। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे।

## रोजा खोलने के दौरान लगी आग, तीन घर जले

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगरा में मंगलवार शाम रोजा इफ्तार की तैयारी के दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और शमसाद, सायरुन व सईद के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से घरों में रखा गृहस्थी का सामान, कपड़े, बिस्तर और अनाज जलकर राख हो गए। अग्नि पीड़ित शमसाद ने बताया कि परिवार के सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही हलका दरोगा को मौके पर भेजा गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## सुचित्तगांज बाजार में किया रूट मार्च

**सोहावल।** आगामी त्यौहार के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने प्रभारी निरीक्षक रौनाही लाल चंद्र सरोज और थाने की पुलिस बल के साथ सोमवार की देर शाम रूट मार्च किया। व्यापारियों से रुक कर हाल-चाल पूछा। रूट मार्च में एसआई कमल सिंह, एसआई दीपक चौधरी सहित रौनाही थाना का पुलिस बल मौजूद रहा।

## लंबित मामलों के निस्तारण को नई व्यवस्था लागू

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्थायी लोक अदालत में लंबित मामलों के निस्तारण को लेकर भी नई व्यवस्था लागू की गई है। अदालत में लंबित मामलों की संख्या अधिक होने के कारण अब सप्ताह में तीन बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि मामलों का जल्द निपटारा किया जा सके। पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि अब प्रत्येक सप्ताह सोमवार, मंगलवार और बुधवार को बैठकें आयोजित की जाएंगी। वर्तमान में अदालत में कुल 289 वाद लंबित हैं, जिनके शीघ्र समाधान के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बैठक में कम से कम पांच मामलों को सुनवाई के लिए लिया जाएगा। यदि निर्धारित दिन अवकाश होता है, तो अगले कार्यदिवस पर बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा।

## गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने 1200 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि सोमवार की रात करीब 11:25 बजे एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी अमरेंद्र निषाद निवासी बभनियावां ड्योढ़ी बाजार रौनाही को काशीराम कॉलोनी परिक्रमा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान किया गया है।

# प्रोफेसर के साथ अब प्राचार्य भी गंभीर आरोपों के घेरे में

- सीएम के प्रमुख सचिव ने दिया डीएम को जांच कराने का निर्देश
- मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभागाध्यक्ष के निलंबन की उठाई मांग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया अपने दो माह के कार्यकाल में ही गंभीर आरोपों से घिर गए हैं। कॉलेज के छह प्रोफेसर के साथ उनकी भी शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद से की गई है। शिकायतकर्ता ने पहली शिकायत का वारा-न्यारा कर देने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जांच की मांग की है। प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को जांच कराने के लिए निर्देश दिया है।

बाराबंकी सिविल कोर्ट के अधिवक्ता व समाज सेवक श्री चंद्र शर्मा ने प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि कॉलेज के छह प्रोफेसर डॉ. पारस खरबंदा, डॉ.दिनेश कुमार सिंह, डॉ.स्नेहांशु शुक्ला, डॉ. अंजू सिंह, डॉ. प्रतिभा गुप्ता व डॉ. अरविंद कुमार के खिलाफ पहले दी गई शिकायत पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मर्तोलिया ने आवश्यकता न होने की बात कह जांच खारिज करवा दी थी। डॉ. मर्तोलिया विपक्षी जनों के इशारों पर काम कर रहे हैं। डॉ. मर्तोलिया पिछले छह साल से लगातार भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं। उन्हें निलंबित भी किया जा चुका है। अब राम की नगरी में कई करोड़ रुपये कमाने की फिराक में हैं। इसलिए पूर्व के समय हुई भर्ती को फर्जी बताते हुए पुनः 475 पदों की नियुक्ति करने की फिराक में हैं। वहीं सरकारी पद पर रहते हुए डॉ. अरविंद कुमार प्राइवेट प्रेक्टिस कर रहे हैं। प्रति मरीज 400 रुपये वसूल रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के मरीजों को बहला फुसलाकर प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कर मोटी रकम वसूल रहे हैं। मेडिसिन विभाग के जूनियर डॉक्टरों ने भी डॉ. अरविन्द कुमार पर आरोप लगाए हैं। मामले की तत्काल जांच कराते हुए उन्हें निलंबित किए जाने की मांग की है। श्री चंद्र शर्मा ने प्रमुख सचिव से मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कहा कि अगर एक्शन नहीं होगा तो मुझे मजबूरन सक्षम न्यायालय में वाद दाखिल करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।


श्रीमान संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव (IAS)
मुख्यमंत्री कार्यालय, उ0 प्र0 लखनऊ
प्रार्थना पत्र बाबत राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या में दिनांक-13.01.2026 तथा 22.01.2026 का श्रीमान द्वारा गम्भीरता से संज्ञान न लिये जाने के कारण प्रार्थी की शिकायत ... डॉ0 पारस खरबंदा, डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, डॉ0 स्नेहांशु शुक्ला, डॉ0 अंजू सिंह, डॉ0 प्रतिभा गुप्ता, डॉ0 अरविन्द कुमार, डॉ0 ज्ञानेन्द्र कुमार (हाल तैनाती D.G.M.E) लखनऊ प्रार्थी ने उपरोक्त विपक्षीजन पर आरोप लगाये थे कि दौरान जांच राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या से हटाकर अन्य जगह मे तैनाती की जाये क्योंकि विपक्षीजन पूर्णरूप से मेडिकल कॉलेज मे हावी होने के कारण निष्पक्ष एवं पूर्ण जांच नहीं हो ... शिकायत सही साबित हो गयी तभी तत्कालीन प्रधानाचार्य डॉ0 दिनेश कुमार मर्तोलिया द्वारा प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठते ही दूसरे दिन से विपक्षीजनों को प्रार्थी की शिकायत के बावजूद

प्रमुख सचिव को भेजी गई शिकायत।

# कोर्ट ने पूर्व सांसद समेत तीन पर माना नोटिस का तामीला

- मामला श्रीराम बल्लभा इंटर कॉलेज कर्मी के आत्महत्या का

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट के जज सुरेंद्र मोहन सहाय ने कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री, आलोक तिवारी और उनके ड्राइवर सुखदेव तिवारी पर निगरानी की नोटिस का तामीला मान लिया है। साथ ही इसमें बहस के लिए अगली पेशी 30 मार्च नियत की है। मामले में चार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कोर्ट में निगरानी दायर की गई। निचली अदालत ने पूर्व कांग्रेस सांसद समेत चार के खिलाफ परिवाद निरस्त कर दिया था।

अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट अंजनी कुमार पांडेय एडवोकेट निवासी कोठा पार्चा थाना कोतवाली नगर ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा था कि मेरा बेटा लगातार हम लोगों से यही कहता था



कि श्रीराम बल्लभा इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ निर्मल खत्री, प्रधानाचार्य आलोक तिवारी, सुखदेव तिवारी व अन्य तमाम गुंडे बदमाश हैं जो मुझे बराबर मुकदमा वापस न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इससे परेशान होकर 3 अक्टूबर 2018 को मेरा बेटा जो श्रीराम बल्लभा इंटर कॉलेज का कर्मी था, समीर कुमार पांडे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा था कि हो सके तो निर्मल खत्री से मुकदमा न लड़िएगा क्योंकि वह पावरफुल हैं। अपने परिवार का ध्यान रखिएगा। पुलिस ने मामले में निर्मल खत्री, आलोक तिवारी तथा सुखदेव तिवारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने तथा जान से मारने की धमकी देने के तहत एफआईआर दर्ज की थी। विवेचना के बाद पुलिस ने मामले में क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। इस पर अंजनी कुमार ने अदालत में विरोध याचिका दाखिल की, जिस पर कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट निरस्त करते हुए मामले को परिवाद के रूप में पंजीकृत करते हुए अंजनी कुमार और गवाहों का बयान लिया। सुनवाई के बाद सीजेएम कोर्ट ने परिवाद को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 203 के तहत निरस्त कर दिया था। इस मामले में कोर्ट रजिस्टर्ड डाक से नोटिस भेजने का आदेश दिया था, जो परिवार निगरानीकर्ता ने भेजा था। रजिस्ट्री वापस कोर्ट में नहीं आई, इस पर कोर्ट ने तीनों पर तामीला पर्याप्त मानते हुए अगली कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

## पारदर्शिता के लिए ओटीपी से सिलेंडर डिलीवरी की व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अब पारदर्शिता के लिए ओटीपी से रिफिल रसोई गैस सिलेंडर के डिलीवरी की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि एलपीजी के संबंध में भारत सरकार से अस्थायी रूप से घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। पारदर्शी वितरण के लिए ओटीपी के माध्यम से रिफिल डिलीवरी की व्यवस्था की जा रही है। भ्रम फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि गैस सिलेंडर के वितरण की व्यवस्था के क्रम में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। गैस सिलेंडर ले जाने वाले वाहनों को जिले में पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। गैस एजेन्सियों से कालाबाजारी/अवैध बिक्री को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। गैस एजेन्सियों पर सामान्य वितरण के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे ग्राहकों को नियमानुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध हो। उन्होंने निर्देश दिया कि राजस्व विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा तेल कंपनियों के नोडल अधिकारियों के साथ स्थानीय प्रशासन व पुलिस के अधिकारी भ्रमण करें। निर्देश दिया कि गैस वितरण से संबंधित किसी भी कानून व्यवस्था से सूचना तत्काल होम कंट्रोल को दी जाए।

## अपहरण में तीन आरोपियों को चार साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** किशोरी के अपहरण में कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 15 हजार जुर्माना भी हुआ है। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम प्रदीप कुमार सिंह की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता को उसके गांव के ही दुर्गेश तिवारी, चंद्रमोल तिवारी व राकेश पांडेय पर अपहरण करने का आरोप था। मुख्य अभियुक्त जयकुमार उर्फ ननकन पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। जयकुमार उर्फ ननकन को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है। बाकी तीनों अभियुक्तों को मंगलवार को सजा सुनाई। इन तीनों को कोर्ट ने वादी की अर्जी पर विचारण के लिए तलब किया था।

# 1200 भक्तों के साथ अमृतानंदमयी मां का भव्य स्वागत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में 19 मार्च को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए केरल की विश्वविख्यात संत अमृतानंदमयी मां अपने लगभग 1200 अनुयायियों के साथ विशेष ट्रेन से मंगलवार को अयोध्या पहुंचीं। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर उनके स्वागत के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जय श्रीराम के उद्घोष के बीच अभिनंदन किया गया।




अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से बाहर निकलती केरल की आध्यात्मिक नेता माता अमृतानंदमयी (अम्मा)। अमृत विचार

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन परिसर फूल-मालाओं, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भक्ति गीतों से सराबोर नजर आया। जैसे ही मां ट्रेन से उतरीं, श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू की अगुवाई में अम्मा देवी और उनके भक्तों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अयोध्या राज परिवार के सदस्य यतींद्र मोहन मिश्र भी मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। माता अमृतानंदमयी के साथ आए अनुयायी देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े हैं। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि हमारा बहुत ही सौभाग्य रहा कि अपने भक्तों के साथ माता अमृतानंदमयी के स्वागत करने का अवसर मिला।

**आस्था** | अष्टमी का व्रत 26 को, 27 मार्च को नवमी पर होगा हवन पूजन

# नवरात्र कल से, कलश स्थापना को एक घंटे का मुहूर्त शुभ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल नवरात्र का पर्व 19 मार्च को प्रतिपदा से आरंभ हो रहा है। 27 मार्च को नवमी तिथि पर हवन पूजा के बाद संपन्न हो जाएगा। अष्टमी का व्रत-पूजन 26 मार्च को रहेगा।

नवरात्र महापर्व पर विभिन्न शक्तिपीठों के साथ राम मंदिर सहित 5000 मंदिरों के गर्भगृह में कलश स्थापना कर आठ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ होगा। सभी मठ मंदिरों में प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती का पाठ और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रवीण शर्मा के मुताबिक इस वर्ष पड़ रहे नवरात्रि में 19 मार्च को ब्रम्हमुहूर्त से ही प्रतिपदा तिथि प्रारंभ हो जाएगी और 27 मार्च को समाप्त होगी। प्रतिपदा पर अनुष्ठान व पूजन के लिए कलश स्थापना का लगभग एक घंटे का सुबह 6:52 से 7:43 मिनट तक सबसे पवित्र मुहूर्त रहेगा। दोपहर अभिजीत मुहूर्त में 11:38 से 12:26 के बीच भी कलश पूजन स्थापना कर सकते हैं।

गुरुवार से प्रारंभ हो रहे नवरात्र पर मुख्य रूप से शक्तिपीठ छोटी देवकाली, बड़ी देवकाली और जालपा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में आस्था का मेला होगा। ब्रह्म मुहूर्त से सभी मंदिरों के कपाट खोल दिए जाएंगे और सुबह से ही मां भक्तों का दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे, जिसको लेकर मंदिरों में दर्शन व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। छोटी देवकाली मंदिर के पुजारी अजय द्विवेदी ने बताया कि नवरात्र को लेकर मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गई है।



गर्भगृह में विराजमान माता पाटेश्वरी।

### राम मंदिर के गर्भगृह में भी कलश स्थापना होगी

19 मार्च को राम मंदिर के गर्भगृह में भी सुबह विधि विधान से कलश स्थापना की जाएगी। 27 मार्च तक दुर्गा सप्तशती का पारायण पुजारी के द्वारा किया जाएगा। नवरात्र को लेकर रामलला को फलहार व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तैयारी पूरी कर ली है। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि उत्सव को परंपरागत रूप से मनाए जाने के लिए तैयारी की गई है। अनुष्ठान के साथ-साथ राम मंदिर के गर्भगृह के निकट प्रतिदिन शाम को उत्सव में भजन और बधाई गायन का भी आयोजन किया जाएगा।

### नवरात्र के पहले दिन ऐसे स्थापित करें कलश

नवरात्र पर पूजन के लिए विधि विधान से पूजन की परंपरा है। पंडित सुरेंद्रधर द्विवेदी बताते हैं कि नवरात्रि के प्रतिपदा पर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान ध्यान कर कलश, नारियल-चुन्नी, श्रृंगार का सामान, अक्षत, हल्दी, फल-फूल, मिष्ठान्न आदि यथासंभव सामग्री साथ रख लें। कलश, सोना, चांदी, तांबा, पीतल या मिट्टी का हो। उस पर रोली से ॐ और स्वास्तिक बनाएं। पूजा आरंभ के समय 'ऊं पुण्डरीकाक्षाय' नमः कहते हुए कुशा से अपने ऊपर जल छिड़कें। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व के कोने में घी का दीपक' ॐ दीपो ज्योति: परब्रह्म दीपो ज्योति: जनार्दन: । दीपो हरतु में पापं पूजादीप नमोस्तु ते।।' मंत्र बोलते हुए प्रज्ज्वलित करें।

## नगर विधायक की निगरानी स्वीकार, अब सुनवाई 30 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की निगरानी याचिका विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट सुरेंद्र मोहन सहाय ने स्वीकार कर ली है। साथ ही पत्रावली को निचली अदालत को भेजते हुए प्रकरण पर पुनः सुनवाई करके आदेश पारित करने का आदेश दिया है। विधायक के खिलाफ महाराजगंज थाना प्रभारी ने 23 फरवरी 2022 को आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल हुआ। इस मामले में विधायक ने लगाए गए आरोप से उनमोचन के लिए विशेष मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट की अदालत में अर्जी दी थी। जिसे उन्होंने खारिज कर दिया था। उस आदेश के खिलाफ विधायक ने विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट में निगरानी दाखिल की थी, जिसे सुनवाई के बाद कोर्ट ने स्वीकार करते हुए निचली अदालत का आदेश निरस्त कर दिया और पत्रावली में पुनः सुनवाई के बाद आदेश देने के लिए फाइल विशेष नायक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए को भेज दी। निचली अदालत में सुनवाई 30 मार्च को होगी।

न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार : कमलेश

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड मिल्कीपुर के चमनगंज बाजार स्थित सुकना देवी सुखराज पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव ने कहा कि शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है। कहा कि यहां से शिक्षित होकर निकलने वाले बच्चे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम को आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेश कुमार पिंटू ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्य स्वामीनाथ यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा संचालन रमेश यादव, अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

### प्रधानाचार्यों को अंकेक्षक नियुक्त करना गरिमा के खिलाफ : संजीव

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी ने बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन में प्रदेश के प्रधानाचार्यों को अंकेक्षक नियुक्त किए जाने पर कड़ा आक्रोश प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बात पैसे की नहीं है इससे अच्छा होता कि बोर्ड मुफ्त में हम प्रधानाचार्य लोगों से यह कार्य करवाता तो ही ठीक था, लेकिन इतना कम पारिश्रमिक पर कॉपी चेक करवाने से हम प्रधानाचार्यों की गरिमा गिरेगी। आज तक के इतिहास में कभी भी प्रधानाचार्य द्वारा यह कार्य नहीं किया गया है।

### कार का शीशा तोड़ चोरी कर रहे आरोपी को पकड़ा

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत श्मशान घाट के पास खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोरी कर रहे आरोपी को कार मालिक व उनके साथियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। रामानंद सिंह निवासी



मुंडेरवा जिला बस्ती ने बताया कि सोमवार को वह अपने चाचा के दाह संस्कार में अयोध्या स्थित श्मशान घाट आए हुए थे। उन्होंने अपनी कार को रेलवे ब्रिज के नीचे खड़ा किया था। जब वह लौट रहे थे तो देखा एक व्यक्ति उनकी कार का शीशा तोड़कर सामान निकाल रहा है। सभी ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान देवी प्रसाद पांडेय उर्फ अंकित निवासी दयालपुर थाना नवाबगंज जिला गोंडा के रूप में हुई। उसके पास से उनका कार में रखा पर्स, डीएल व घड़ी बरामद हुइ। इसके बाद आरोपी को उसकी बाइक पुलिस के हवाले कर दिया गया। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसका चालान कर दिया गया है।

# बगैर जांच नामित किए गए सभासद सूची में मृतक का नाम भी शामिल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश शासन ने नगर निकायों में पार्षदों और सभासदों (सदस्यों) को नामित कर दिया, लेकिन बगैर जांच पड़ताल के नामित किए गए सभासदों में मृतक का नाम भी शामिल है। इसी तरह एक आंगनबाड़ी सहायिका को भी सभासद नामित किया गया है।

जानकार बताते हैं कि सभासदों के लिए भेजी गई प्रस्तावित सूची की नामित किए जाने के पहले जांच की व्यवस्था होती है, लेकिन महीनों पहले भेजी गई सूची की शायद जांच नहीं की गई इसलिए सूची में मृतक का नाम शामिल रहा।

मिल्कीपुर/कुमारगंज प्रतिनिधि के मुताबिक आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज में शासन से तीन नए सभासद नामित किए गए। नामित सभासदों में भाजपा कुमारगंज मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष अरुण गोस्वामी और पूर्व महामंत्री अनीत सिंह शामिल हैं।

गोसाईगंज प्रतिनिधि के मुताबिक गोसाईगंज नगर पंचायत के लिए समाजसेवा से जुड़े पान की दुकान चलाने वाले बजरंग प्रसाद चौरसिया, लोगों का सहयोग करने और व्यवसाय से जुड़ी मीना गुप्ता, पेंशनर श्रीमती देवी हैं।

सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक सभासदों को नामित किए जाने में बड़ी चूक सामने आई है। नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज के लिए नामित किए गए लोगों में एक नाम मृतक का भी शामिल है। यहां साल्हेपुर निमैचा के रहने वाले स्व. राज वंश पासी का नाम सभासदों की सूची में शामिल है। मृतक के पुत्र हिमांशु ने बताया कि पिता बीते नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में टिकट के दावेदार थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें आखिरी समय में टिकट नहीं दिया था। बीते नवम्बर माह में उनकी मौत हो चुकी है। नामित किए गए अन्य दो लोगों में राम औतार यादव सोहावल व आशीष तिवारी बिशुनपुर सारा का नाम शामिल हैं।

## भरतकुंड भदरसा नपं में आंगनबाड़ी सहायिका का भी नाम

### अधिकारी बोले- शासन से पूछिए, हमसे नहीं

मसौधा प्रतिनिधि के मुताबिक नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा में तीन सभासदों को नामित किया गया है। नामित सभासदों में शेष प्रताप वर्मा, सुनील कुमार श्रीवास्तव व भाजपा नेत्री मंजू निषाद शामिल हैं। सभासद के रूप में नामित की गई भाजपा नेत्री मंजू निषाद आंगनबाड़ी विभाग में सहायिका के पद पर हैं। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने दूरभाष पर बताया कि मंजू निषाद सहायिका के पद पर हैं कि नहीं। यह बात शासन से पूछिए हमसे क्यों पूछ रहे हैं?

### रुदौली में पांच, कामख्या धाम में तीन नामित

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक नगर पालिका परिषद में पांच और मां कामाख्या धाम नगर पंचायत में तीन सभासदों को सदस्य नामित किया गया है। नगर पालिका परिषद रुदौली में भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता पूर्व नगर महामंत्री राज किशोर सिंह, भाजपा नेत्री पूनम गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री कृष्ण लोधी, अनुसूचित जाति की महिला प्रकोष्ठ की नेत्री शिव कुमारी रावत, अधिवक्ता प्रमोद द्विवेदी को नामित किया गया है। मां कामख्या धाम में भाजपा युवा मोर्चा के मुकेश पाल, महिला नेत्री कुशमावती सोनकर, वरिष्ठ कार्यकर्ता उमाशंकर सिंह को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। विधायक राम चंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के अनुभवी, समर्पित और जनसेवा की भावना रखने वाले कार्यकर्ताओं को नामित किए जाने से से नगर के विकास को नई गति मिलेगी। बीकापुर नगर पंचायत के लिए दो सदय्यों को नामित किया गया है। इनमें प्रशांत पांडेय और अंकित गुप्ता का नाम शामिल किया गया है।

### नामित दो सभासदों को किया गया सम्मानित



कुमारगंज में नामित सभासद का स्वागत करते भाजपा नेता।

**मिल्कीपुर/कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज में शासन से तीन नए सभासदों के नामित होने पर उत्साह का माहौल रहा। नगर पंचायत के खंडासा मोड़ पर अरुण गोस्वामी और अनीत सिंह का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इन नए नामित सभासदों के जुड़ने से नगर पंचायत में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बंसीधर शर्मा, सभासद राम अचल शुक्ला, रवि सिंह, लव कुमार मिश्रा, सूरज कौशल, शीतला प्रसाद वाजपेई, कुंवर बहादुर मिश्रा, कृष्ण केवल मिश्रा, सुरजीत जायसवाल, प्रदीप सिंह अनिल अग्रहरि, संतोष पाण्डेय मौजूद रहे।

### नामित सभासदों का भरतकुंड पर किया गया सम्मान



भदरसा में नामित सभासद सुनील कुमार श्रीवास्तव, शेष प्रताप वर्मा व भाजपा नेत्री मंजू निषाद को सम्मानित किया गया।

**मसौधा।** नगर पंचायत भरत कुंड भदरसा में शासन से नामित किए गए तीन सभासदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नामित सभासदों को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह व क्षेत्रीय विधायक के करीबी भाजपा कार्यकर्ता शेष प्रताप वर्मा, मंजू निषाद व सुनील कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे। निर्वाचित सभासद प्रेम बाबू मौर्य, राम करन मोर्या, ज्ञानचंद साहू, मोनू मौर्य व रामकृष्ण पांडे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद कुमार पांडेय सहित कई अन्य लोगों ने नामित सभासदों को माला पहनकर सम्मानित किया।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय।

- सभी आरोपी बिहार के, दो लाख नगद, फर्जी कार्ड व एक कार बरामद

**अमृत विचार :** एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि 12 फरवरी को केएम शुगर मिल के गन्ना प्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह ने अपना एटीएम अपने अधीनस्थ कर्मी को देकर रुपये निकालने के लिए कहा था। जहां एटीएम को अज्ञात द्वारा बदलकर उनके खाते से 59 हजार 600 रुपये निकाल लिए गए थे। वहीं 19 फरवरी को सुशील निवासी मधूपुर थाना पूराकलंदर का कार्ड एक हेलमेट पहने व्यक्ति ने बदल कर उनके खाते से 33 हजार रुपये निकाल लिए थे। दोनों घटना मसौधा स्थित एक ही एटीएम पर हुई थी। सोमवार की रात 11:30 बजे पिशाची कुंड मोड़ के पास से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोनू निवासी ग्राम रोशना थाना फतेहपुर जनपद गया बिहार, पिंकू निवासी सिहना थाना रुपौ जनपद नेवाजा बिहार व मनीष कुमार निवासी ग्राम पाली थाना कउआ कोल जिला नेवादा बिहार के रूप में हुई। आरोपी एटीएम मशीन में फेवीक्विक लगा देते थे, जब ग्राहक का एटीएम कार्ड उसमें फंस जाता था तब उनका सहयोग करने के नाम पर एटीएम निकालकर बदल देते थे। इसके बाद अन्य किसी एटीएम में जाकर पैसा निकाल लेते थे।

### ईट-गुम्मों से मारपीट, एक घायल, चार लोगों पर मुकदमा

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मवई थाना क्षेत्र के ग्राम नरौली में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि दूसरे पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है।समसुद्दीन ने आरोप लगाया कि गांव के मो. हारून, सोनी, मसीउद्दीन सहित चार लोगों ने गाली-गलौज के बाद ईंट व गुम्मों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर जांच चौकी इंचार्ज आयुष यादव को सौंपी है। वहीं सोनी का कहना है कि उसके घर पर प्लास्टर का काम चल रहा था, तभी समसुद्दीन अपने परिवार के साथ आकर गाली - गलौज करने लगे।विरोध करने पर उन्होंने गुम्माबाजी करने लगे, जिसमें उनके ही पक्ष का फेंका ढेला समसुद्दीन को लग गया।सोनी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी तहरीर लेने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की है। मवई एसओ सुरेश पटेल का कहना कि समसुद्दीन को चोट लगी थी, जबकि सोनी का चोट उस समय जाहिरा नही था, इसलिए समसुद्दीन की तहरीर में आरोपी चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच कराई जा रही है।

### मकान कब्जाने में पूर्व पार्षद सहित 17 पर दर्ज होगी रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** जमीन से जुड़े एक विवादित मामले में अदालत ने पूर्व पार्षद मुरारी सिंह यादव सहित 17 पर रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत से हुआ है। कोतवाली नगर क्षेत्र के नाका हनुमान गढ़ी की निवासी मनोरमा सिंह ने बताया पूर्व पार्षद मुरारी सिंह यादव और अन्य लोगों ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उनके मकान को हड़पने की साजिश रची। पीड़िता के अनुसार उनके पति राजकुमार सिंह ने वर्ष 1963 में किसुन लाल से जमीन का बैनामा कराया था और तभी से उनका परिवार उसी मकान में रह रहा है। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई 2025 को कुछ लोगों ने उनके मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया, जिसके बाद उन्हें पूरे मामले की जानकारी मिली। जांच में पता चला कि किसी अन्य स्थान की जमीन को उनके मकान की चौहद्दी बताकर फर्जी बैनामा तैयार कराया। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो अदालत में गुहार लगाई थी। पूर्व पार्षद मुरारी सिंह यादव के अलावा विजय प्रताप सिंह, नीलू, मीनू सिंह, हेमंत कुमार, सुदामा सिंह, सुमित, इंद्र कुमार, किरन देवी, शंकर लाल, आनंद प्रताप, जय सिंह, विनीता, संदीप और नीरज समेत कुल 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। प्रकरण में तीन दिन के भीतर अनुपालन आख्या भी कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश हुआ है।



रुदौली में आयोजित श्री श्याम निशान यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

### खाटू नरेश के जयकारों से गूंजी रुदौली

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा आयोजित श्री श्याम महोत्सव के प्रथम चरण में मंगलवार को खाटू श्याम की निशान यात्रा रुदौली में निकाली गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः श्री श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार किया गया। रथ पर सवार खाटू नरेश की अलौकिक छवि देखने को श्याम प्रेमी आतुर दिखे। निशान पूजन के बाद प्रातः 9 बजे श्री रामलीला मैदान से निशान यात्रा की शुरुआत हुई। 251 से अधिक भक्त श्रद्धा भाव से अपने-अपने कंधों पर श्री श्याम निशान लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। सड़क किनारे खड़े भक्त हाथ जोड़कर बाबा श्याम के दर्शन करते और जयकारे लगाते नजर आए। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आरती उतारी गई और प्रसाद का वितरण भी किया गया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते-गाते हुए बाबा श्याम के जयकारे लगा रहे थे। श्री श्याम भक्त मण्डल के नीलमणि अग्रवाल, अजय गोयल, सुधीर सिंघल, अशोक गर्ग, विष्णु अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा, अतुल सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।

### सुनीता गुप्ता पार्षद नामित, कार्यकर्ताओं में खुशी

**अयोध्या, अमृत विचार:** आदर्श नगर कॉलोनी, बड़ी देवकाली के रहने वाले सतीश कुमार गुप्ता की पत्नी सुनीता गुप्ता को नगर निगम अयोध्या में पार्षद नामित किया गया है। कार्यकर्ताओं में खुशी है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सुनीता गुप्ता के नामित पार्षद बनने से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए जनहित में कार्य करेंगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने उन्हें बधाई दी। कहा कि उनके सुझावों का लाभ नगर निगम को मिलेगा। बधाई देने वालों में भाजपा महानगर महामंत्री शैलेंद्र कोरी, तिलकराम मौर्य, अमल गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।



सुनीता गुप्ता।

### एक शिक्षक पर होगा 800 आबादी की जनगणना का जिम्मा

- बेसिक शिक्षा विभाग ने जनगणना के लिए तैयार की शिक्षकों की सूची

**अयोध्या कार्यालय।** जनगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। अधिकारियों को प्रशिक्षित किए जाने के बाद अब गणना कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। गणना कार्य में सबसे अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाने की बात कही जा रही है। राजस्व के साथ कई अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी लगाया जाएगा। एक गणनाकर्मी के जिम्मे सात से आठ सौ आबादी का जिम्मा होगा। हर छह गणना कार पर एक सुपरवाइजर की तैनाती की जाएगी। आपात स्थित के लिए 10 प्रतिशत गणना कर्मी और सुपरवाइजर की रिजर्व के तौर पर रखा जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने जिला अधिकारी कार्यालय को शिक्षकों की सूची भेज दी है। उन्होंने बताया जनगणना 2027 के लिए एक वेब पोर्टल जनगणना मैनेजमेंट और मानीटरिंग सिस्टम बनाया गया है, ताकि गिनती करने वालों और सुपरवाइजरों की नियुक्ति और फील्ड कर्क की रियल-टाइम प्रोग्रेस जैसी सभी गतिविधियों को मानिटर किया जा सके। दो चरणों में होने वाली जनगणना के पहले चरण में मकानों की गणना होगी, जो 22 मई से 20 जून 2026 के बीच होगी। वहीं, दूसरी चरण में आबादी की गणना होगी, जो फरवरी 2027 में होगी। इससे पहले सात मई से 21 मई 2026 तक आम नागरिकों द्वारा स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज करने की सुविधा दी जाएगी।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते कांग्रेस के पदाधिकारी। अमृत विचार

### मनरेगा को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा मजदूरों और संविदा कर्मियों के लंबित भुगतान और बढ़ी गैस कीमतों व कालाबाजारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता प्रेस क्लब में एकत्रित हुए। जुलूस निकाल कर विकास भवन का घेराव करने पहुंचे। मुख्य द्वार तक पहुंच गए। यहां पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन के बाद जिला अधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार को राज्यपाल संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा मजदूरों और संविदाकर्मियों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि बढ़ती महंगाई, खासकर रसोई गैस के दामों में वृद्धि और कालाबाजारी ने आम जनता का जीवन कठिन कर दिया है। प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि यदि जल्द ही मनरेगा मजदूरों एवं संविदा कर्मियों का लंबित भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी अपना आंदोलन और तेज करेगी। जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्रमणि पांडे, उग्रसेन मिश्र, अनिल तिवारी, अनिल सिंह, राम अवध पासी, वेद सिंह कमल, बृजेश रावत, उमेश सहित अन्य लोग थे।

### डॉ. विनोद को महत्वपूर्ण शोध परियोजना की स्वीकृति



डॉ. विनोद कुमार चौधरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार चौधरी को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद आईसीएसएसआर नई दिल्ली द्वारा एक महत्वपूर्ण शोध परियोजना के लिए प्रोविजनल स्वीकृति प्रदान की गई है। इस शोध परियोजना के तहत अयोध्या में परिवेशी वायु गुणवत्ता का समेकित आकलन और स्वास्थ्य जोखिम विश्लेषण विषय पर आधारित है। आईसीएसएसआर की विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा पर इस परियोजना को 24 माह की अवधि के लिए स्वीकृत किया गया है तथा इसके लिए 16 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है। डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि अयोध्या नगर की वायु गुणवत्ता का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाएगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02-02-2026 को मूल बैनामा संख्या 3450 जिसका पंजीकरण उप निबंधक कार्यालय सदर फैजाबाद दिनांक 17-07-2003, जो श्रीमती मुन्नन बानो पत्नी मोअज्जम के नाम से है, दर्शननगर अयोध्या में कही खो गया है। **संतोष कुमारी पत्नी राज कुमार निवासी-ग्राम/पोस्ट-दर्शननगर अयोध्या।**

एच0सी0जे0पी0 6 नं. 33

**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 अमरोध जिला अमरोध**

बाद संख्या- 69 सन् 2025 20 ई0
ता0पेशी-07/03/26, 07/04/26

मनताज टैक्सटाईल्स ट्रेडर्स तकिया मोती शाह सलेमपुर बाई पास रोड अमरोहा द्वारा प्रो0 दपिन्दर कौर उम्र लग0 37 वर्ष पत्नि श्रीरमनदीप सिंह डॉथर, निवासी- अमरोहा ग्रीन कलोनी जोया रोड अमरोह तह0 व जिला अमरोह। **-वादी**

**बनाम**

साधु कतरन वेस्ट 673/ कुमार गंज मिल्कीपुर जिला फैजाबाद (यू0पी0) प्रो0 सन्तोष कुमार मिश्रा उम्र लग0 45 वर्ष निवासी 673/ कुमारगंज बाबा मिल्कीपुर जिला फैजाबाद/अयोध्या (यू0पी0) 224164 जी0एस0टी0सं0 09DHGPM8669P1Z4 **-प्रतिवादी**

चूँकि उपर्रिनामांकित.....के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि... अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 04 के दिवस 07 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवां बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हौं यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप खुला जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 20 26 के 03/09 दिवस को निकाली गई।

**आज्ञा से न्यायालय**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नचौरा विकास खण्ड गैंसड़ी जनपद बलरामपुर**

पत्रांक. मेमो /निविदा दिनांक 17/03/2026

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत नचौरा विकास खण्ड गैंसड़ी जनपद बलरामपुर मे वित्तीय वर्ष 2025/26 मे अन्नपूर्णा भवन निर्माण सामग्री हेतु आपूर्ति सीमेंट, बालू, मोरंग, सरिया, गिट्टी, फैब्रिकेशन, ईट शटरिंग इत्यादि की सप्लाई के लिए निविदा 18-03- 2026 से 19- 03-26 तक आमंत्रित की जाती है यह निविदा दिनांक 20- 03-2026 को खोली जाएगी। इच्छुक निविदादाता अन्य नियम और शर्तो के बारे में ग्राम पंचायत कार्यालय से कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**कमलावती ग्राम प्रधान** **अनिल कुमार सचिव**

**ग्राम पंचायत नचौरा विकासखंड गैंसड़ी जनपद बलरामपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, उतरौला-बलरामपुर**

पत्रांक- 452/ न0पा0परि0उत0/ जन्म-मृत्यु/2025-26 दिनाँक 05-02-2026

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुख्तार हुसेन पुत्र श्री अनवर हुसैन निवासी मोहल्ला-सुभाषनगर वार्ड नं0 23 उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा अपने पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | मृतक का नाम | पिता/पति का नाम | मृत्यु तिथि | मृतक का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सैयद अनवर हुसैन | श्री सै0 अतहर हुसैन | 10-01-2025 | मोहल्ला- सुभाषनगर उतरौला-बलरामपुर |

उपरोक्त मृत्यु प्रमाण-पत्र की मांग की गयी है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को इनके मृत्यु से सम्बन्धित आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर अपना आपत्ति पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, उतरौला-बलरामपुर**

## सरयू तट पर बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

अयोध्या कार्यालय



सरयू के मंगलसी घाट पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते गंगा प्रहरी व बच्चे।

- श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अमृत विचार :** जिला गंगा समिति और भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून 'जलज' परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में सोहावल ब्लाक के मंगलसी में पुराने कच्चे घाट पर स्वच्छता अभियान श्रमदान का आयोजन किया गया।

गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों ने अपनी ऊर्जा और उत्साह से सरयू तट की सूरत बदलने की कोशिश की। नमामि गंगे की जिला परियोजना अधिकारी के निर्देशन में आयोजन किया गया। गंगा प्रहरी और स्थानीय बच्चों ने मिलकर घाट पर बिखरे कूड़े-कचरे और हानिकारक पॉलिथीन को एकत्र किया। इस अभियान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि नदियों का संरक्षण केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। लोगों ने बच्चों के इस सराहनीय कार्य की सराहना की और भविष्य में भी सरयू मैया को स्वच्छ रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में गंगा प्रहरी विशाल साहू, महिमा, कामेश श्रीवास्तव बाल गंगा प्रहरी सौम्या, माही, आयुष, नंदिनी, मीनाक्षी, आयुषी, कुमुद, तृषा, आराध्या, अनुकल्प, ख्वाहिश साक्षी, गौरी सुमित, संतोष, हिमेश, सनी, अखिलेश, सत्यम आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत पयागपुर जनपद- बहराइच**

पत्रांक-219/ रा0वि0आ0/नि0का0/ई-टेण्डर / न0पं0प0/2020 दिनांक - 10 मार्च 2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत पयागपुर कार्यालय के पत्रांक - 218 / रा0वि0आ0/ नि0का0/ ई-टेण्डर/न0पं0प0/2026 दिनांक 10 मार्च 2026 द्वारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 30 निर्माण कार्या हेतु आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16/03/2026 को अपरान्ह 2: 30 बजे से दिनांक 16/04/26 को अपरान्हन 3:30 बजे तक निर्माण कार्यो के लिए वर्ष 2025-26 में समस्त सरकारी / अर्ध सरकारी विभागों में A,B,C एवं D (निविदा सीमा रू0 40.00 लाख तक अथवा रू0 40.00 से अधिक) श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मो से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम एंव शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://ctender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की स्वीकृत लागत के सापेक्ष रू0 40.00 लाख तक 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं रू0 40.00 लाख के पश्चात कार्य की लागत की अवशेष धनराशि के सापेक्ष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 /सी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में जमा कराना होगा। निविदा मूल्य आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट के माध्यम से ही नगर पंचायत पयागपुर जनपद बहराइच के भारतीय स्टेट बैंक शाखा सोहरियावां में एस0एफ0सी0 नगर पंचायत पयागपुर (STATE FINANCE COMMISSON NAGAR PANCHAYT PAYAGPUR) के नाम से संचालित बचत खाता संख्या-39299996124 IFS code SBIN0009394 में जमा की जायेगी। इसके अतिरिक्त जमानत धनराशि बैंक / डाक घर द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 / सी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पयागपुर के पदनाम से बंधक हो, टेण्डर के साथ जमा की जा सकती है। किन्तु निविदा मूल्य आनलाइन आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट के माध्यम से ही उक्त वर्णित खाते में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। आनलाइन अपलोड की गयी निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि /निविदा मूल्य जमा रसीद, हैसियत /चरित्र प्रमाण पत्र/पंजीकरण /अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। अपलोड की गयी निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 16/04/26 को अपरान्ह 4: 00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पंचायत पयागपुर को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, धरोहर राशि / जमानत धनराशि निविदा मूल्य सहित विवरण ई-टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत पयागपुर जनपद-बहराइच।

**अध्यक्ष** नगर पंचायत पयागपुर जनपद-बहराइच।

**कार्यालय ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

पत्रांक. मेमो /निविदा दिनांक 17/03/2026

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया गोण्डा वित्तीय वर्ष 2025/26 मे मनरेगा योजनाअंतर्गत मस्जिद से मदनपुर मुख्य मार्ग तक पक्की नाली निर्माण कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति हेतू निविदा प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर सभी इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म ग्राम पंचायत कार्यालय मे संपर्क करे निविदा सम्बन्धी समस्त अधिकार अधो हस्ताक्षरी मे निहित है

**विवेक कुमार ग्राम प्रधान** **अमित कुमार मिश्रा सचिव**

**ग्राम पंचायत साबरपुर, विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, बहराइच।**

संख्या /प्रेस विज्ञाप्ति/सूचना/2026 दिनांक मार्च, 2026

प्रेस विज्ञप्ति

नगरपालिका परिषद, बहराइच क्षेत्रान्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 31 मार्च, 2026 को समाप्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में आप लोग अपने-अपने मकान/प्रतिष्ठान के गृहकर / जलकर का बकाया कार्यालय में 31 मार्च, 2026 से पूर्व जमा कर दें। अन्यथा उद्दपद्ग शासन नगर विकास अनुभाग-9 की अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-24-85ज/05 टीद्रसीद्र-1 दिनांक 28.06.2024 के अनुसार 01 अप्रैल, 2026 से बकाया गृहकर / जलकर पर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ समस्त कर वसूली करायी जायेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व भवन / प्रतिष्ठान स्वामियों का स्वंय का होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद बहराइच।**

सत्य सांई **आवश्यकता है**

**गायत्री पब्लिक स्कूल**
**रेवतीगंज अयोध्या**

योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, शिक्षिकाओं की।
विषय: फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, इंग्लिश।
मदर टीचर्स (नर्सरी से यू.के.जी.)

इंग्लिश/ हिंदी मीडियम

मो0: 9415387756, 9450486065, 9721971820

# अमन की शतकीय पारी से मनोरमा मार्बल्स ने जीता मैच

## टी-20 एपीएल : यमुना सुपर किंग्स ने बेतवा को हराया, अमन व अभिनव रहे मैन ऑफ द मैच

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 में मंगलवार को मनोरमा मार्बल्स के अमन अली ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 66 गेंदों पर शतक बनाया और नॉट आउट रहे। खेले गए मुकाबलों में मनोरमा मार्बल्स व यमुना सुपर किंग्स ने जीत दर्ज कर पूल में स्थिति मजबूत की। पूर्व विजय ट्रॉफी खिलाड़ी राशिद हुसैन चांद ने अमन व अभिनव को मैन-ऑफ-द-मैच के रूप में पुरस्कृत किया।


एपीएल टी-20 के रोमांचक लीग मुकाबले में यमुना सुपर किंग्स के बल्लेबाज को बोल्ड मारता बेतवा ब्लास्टर का गेंदबाज। अमृत विचार

डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल स्थित क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को पहला मुकाबला यमुना सुपर किंग्स व बेतवा ब्लास्टर्स टीमों के बीच खेला गया। इसमें यमुना सुपर किंग्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 137 रन बनाया। इसमें शुभ खन्ना ने 38, अभिजीत ने 37, सत्येन्द्र ने 32, विनायक ने 14 रन बनाए। बेतवा ब्लास्टर्स के अमर ने दो, आशुतोष व धनंजय ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बेतवा ब्लास्टर्स निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 125 रनों पर सिमट गई। यमुना टीम ने 12 रनों से जीत हासिल की। बेतवा ब्लास्टर्स के मुरारी ने 24, सुपर किंग्स के अभिनव व उमेश ने एक-एक विकेट लिया। यमुना टीम के अभिनव तिवारी मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मुकाबले में मनोरमा मार्बल्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 182 रन बनाया। अमन अली ने शानदार शतकीय पारी खेली। अमन ने 10 चौके व चार छक्के की मदद से 66 गेंदों पर अविजित 101 रन बनाया और मैन ऑफ द मैच रहे। अंश ने 50 रनों का सहयोग दिया। हिंडन टाइटन के शैलेन्द्र ने दो व आकाश ने एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हिंडन टाइटन टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। शेखर ने 55, रितिक ने 47, विकास ने 30, यशोवर्धन ने 16 व सचिन ने 13 रन बनाया। मनोरमा के आयुष ने तीन, रिशेन्द्र, आकिब व तुषार ने एक-एक विकेट लिया। इस अवसर पर डीसीए के जिला सचिव उमेर अहमद, आयोजन संयुक्त सचिव बाल किशन निषाद, ऑफीसियल व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# विकसित भारत लक्ष्य के लिए शिक्षा में नवाचार जरूरी : डॉ. अग्रवाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक एवं प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर सी अग्रवाल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. आरसी अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम को बहुविषयक शिक्षा के तहत कृषि को अन्य विज्ञानों और प्रबंधन के साथ जोड़कर पढ़ने का अवसर है।


अवध विवि में आयोजित गोष्ठी में बोलते आईसीएसएआर के उप महानिरीक्षक डॉ आर सी अग्रवाल व मौजूद कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

डॉ. अग्रवाल ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि शिक्षा में नवाचार को सबसे बड़ा हथियार बताया है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि छोटे और मध्यम किसानों को अवसर दिया जाए क्योंकि उनके पास अच्छे विचार हैं जो विकसित भारत के लिए सुखद सिद्ध होंगे। अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति में बहु विषयक शिक्षा भविष्य की शिक्षा है। इससे शोध गतिविधियों को आधार मिलेगा। धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने किया। प्रो. एस एस मिश्र प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. सी के मिश्र, प्रो नीलम पाठक, प्रो. अनूप कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश के लिए ट्रायल 23 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र खेल निदेशालय के निर्देशन में प्रदेश के विभिन्न क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 23 मार्च से शुरू होगा। आएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होने वाला जिला व मंडलीय ट्रायल सुबह नौ बजे से होगा। इसमें जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वालीबॉल, फुटबाल, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, बालक जिला स्तरीय ट्रायल 23 मार्च को, मंडलीय ट्रायल 27 को, बालिका जिला ट्रायल 24 व मंडलीय ट्रायल 28 को होगा। क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, हैण्डबॉल बालक व बालिका जिला स्तरीय ट्रायल 25 मार्च को और व मंडलीय ट्रायल 29 व 30 मार्च को होगा। इस ट्रायल में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं जिनकी आयु एक अप्रैल 2026 को 15 वर्ष से कम तथा जिम्नास्टिक के लिए 12 वर्ष से कम हो। ट्रायल के दौरान फिजिकल टेस्ट में सफल खिलाड़ी ही स्किल टेस्ट में प्रतिभाग कर सकेंगे।



प्राथमिक विद्यालय में टीईटी को लेकर प्रदर्शन करते आक्रोशित शिक्षक।

## टीईटी के विरुद्ध तेज किया आंदोलन

**अयोध्या, अमृत विचार :** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का आंदोलन अब और तेजी पकड़ने लगा है। आंदोलन के पहले चरण में शिक्षकों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश को अपनी पीड़ा बताते हुएं पोस्ट कार्ड भेज रहे हैं। जिला अध्यक्ष अवधेश यादव के नेतृत्व में जिले भर से विभिन्न स्थानों से हजारों की संख्या में पाती भेज रहे हैं। ब्लॉक सोहावल से भारी संख्या में पोस्ट कार्ड ब्लॉक संयोजक सोहावल उमाशंकर, सूरज प्रकाश एवं जिला अध्यक्ष अवधेश यादव के मार्गदर्शन में भेजे जा रहे हैं। शिक्षक नेता जिला मंत्री अशोक वर्मा ने बताया कि सरकार को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर ऐसे कानून को नहीं थोपा जाना चाहिए।पाती भेजने वालों में राम जन्म, राम सहाय, प्रीति श्रीवास्तव, विद्या, नाजिया अयूब, मीना आदि मौजूद रहे।

## ज्योत्सना व सिद्धार्थ ने बढ़ाया मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** भोपाल में 14 से 17 मार्च तक हुई ऑल इंडिया ओपेन शूटिंग प्रतियोगिता (प्री-नेशनल) में जिला रायफल क्लब अयोध्या के खिलाड़ियों ज्योत्सना सिंह व सिद्धार्थ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर जनपद व शूटिंग रेंज का मान बढ़ाया है। जिला रायफल क्लब अयोध्या के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए दोनों होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और उच्च अंक प्राप्त कर राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की। इनकी उपलब्धि अयोध्या शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा दायक है। खिलाड़ियों ने प्रतिदिन लगभग आठ घंटे कड़ी मेहनत व अनुशासित अभ्यास से यह सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर जिले के अधिकारियों, शूटिंग खेलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन पर गर्व व्यक्त किया।


सीएचसी सोहावल को जाने वाली नवनिर्मित सड़क।

## सीएचसी को जाने वाली सड़क का निर्माण शुरू

**सोहावल, अमृत विचार :** जनता के लंबे इंतजार और क्षेत्रीय लोगों के अथक प्रयास के बाद आखिरकार हनुमानगढ़ी सुचितागंज से सीएचसी सोहावल को जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया। यह सोहावल रेलवे स्टेशन तक पूरा हो गया है। निर्माण कार्य में लगे लोगों ने बताया कि बचा हुआ शेष कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए अधिवक्ता दीपक सिंह, फरीद अहमद, कांग्रेस नेता लाल मोहम्मद लल्लू ने खुशी जाहिर की है। कहा कि अब सीएचसी सोहावल पर अपना इलाज कराने के लिए जाने वाले मरीज और उनके तीमारदारों को आसानी होगी।

## श्रीमद्भागवत में भगवान के माता-पिता का चित्रण विचित्र : कथाव्यास

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** राजेपुर में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के आवास पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य ज्ञानचंद द्विवेदी महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत में भगवान के माता-पिता का जिस रूप में चित्रण किया गया है, वह भी विचित्र है। नव दंपति विवाह के तत्काल बाद मंगलसूत्र धारण किए बड़े प्रेम और उत्साह के साथ विदा होते हैं। ऐश्वर्यशाली कंस वैभव के साथ पहुंचने के लिए चलता है। घोड़े की बागडोर हाथ में है। भाई बहन के प्रेम का दृश्य प्रकट हो रहा है। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व अनिल राजभर, मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने व्यास पीठ की आरती करके कथा का शुभारंभ कराया। कथा में मुख्य यजमान भगवान बक्स सिंह, आशा सिंह, विधायक अभय सिंह, जलालपुर के विधायक राकेश पांडे, तरबगंज के विधायक प्रेम नारायण पांडे, कादीपुर के विधायक राजेश गौतम, बीकापुर के विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित तमाम श्रोता कथा में मौजूद थे।


कथा व्यास आचार्य ज्ञानचंद द्विवेदी ने मंत्री गिरीश चंद्र यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किया, साथ में विधायक अभय सिंह।

# जलालपुर नपा में पांच सभासद मनोनीत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जलालपुर नगर पालिका परिषद के लिए पांच मनोनीत सदस्यों की घोषणा कर दी गई है। इन सदस्यों के नाम सामने आते ही क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई और पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त किया है।

बता दें कि नवनियुक्त सदस्यों के स्वागत में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र और नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने आशाराम मौर्या, सुरेश गुप्ता, विकास कुमार सोनकर, रामवृक्ष भार्गव और गौरव उपाध्याय का माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर उत्साह का प्रदर्शन किया। यह स्वागत कार्यक्रम कार्यालय परिसर में पारंपरिक तरीके से संपन्न हुआ। समारोह में मीसम रजा, विकास निषाद, शीतल सोनी, दिलीप यादव और शिवनाथ त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सभी मनोनीत सदस्य मिलकर नगर के विकास को नई दिशा देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये सदस्य टीम भावना के साथ काम करते हुए नगर की मूलभूत समस्याओं जैसे साफ-सफाई, पेयजल, सडक़ और अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस पहल करेंगे। कार्यक्रम का समापन नवनियुक्त सदस्यों के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ। उन्होंने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और नगर के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का विश्वास दिलाया।


सम्मान समारोह में मौजूद नवनियुक्त सदस्य। अमृत विचार

# बीएसए ने लापरवाही बरतने पर दो प्रभारी प्रधानाध्यापकों को किया निलंबित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शैलेश कुमार पटेल ने पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मंशापुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश मणि और भीटी शिक्षा क्षेत्र के बसोहरी स्थित पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार त्रिपाठी को निलंबित कर दिया है। दोनों अध्यापकों पर पीएम श्री योजना के तहत प्राप्त धनराशि में अनियमितता और विभागीय कार्यों में लापरवाही का आरोप है।

बीएसए ने 14 मार्च को विद्यालय का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अवधेश मणि को प्रथम दृष्टया वित्तीय नियमों का उल्लंघन करने और अपने दायित्वों का ठीक से निर्वहन न करने का दोषी पाया गया। इस प्रकरण की जांच के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी टांडा को जांच अधिकारी नामित किया गया है। निलंबन की अवधि में अवधेश मणि को उच्च प्राथमिक विद्यालय मथानी, शिक्षा क्षेत्र कटेहरी से संबद्ध किया गया है। वहीं पीएम श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बसोहरी के प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार त्रिपाठी को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नियम.7 के अंतर्गत उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की गई है। मामले की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी टांडा को जांच अधिकारी नामित किया है। निलंबन अवधि के दौरान अखिलेश कुमार त्रिपाठी को उच्च प्राथमिक विद्यालय धरमगंज शिक्षा क्षेत्र भीटी से संबद्ध किया गया है।

## गौ आश्रय स्थलों पर न बरतें लापरवाही

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर पशु चिकित्साधिकारी कटेहरी एवं पंचायत सचिव द्वारा टीकमपारा गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल पर चार केयरटेकर उपस्थित पाए गए तथा कुल 98 गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित मिले। निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में 60 कुंतल भूसा, 23 बोरी पशु आहार, हरा चारा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है। पशुओं को नियमित रूप से संतुलित आहार और देखभाल प्रदान की जा रही है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि विगत 15 दिनों में किसी भी गोवंश की मृत्यु नहीं हुई है, जो कि समुचित देखभाल और व्यवस्थाओं का प्रमाण है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गौ आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाओं को इसी प्रकार बनाए रखें तथा समय-समय पर निरीक्षण कर पशुओं के संरक्षण एवं देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन


कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक संग्राम यादव।

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के जाफरपुर स्थित पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रवीण सिंह की मंडई पर आयोजित होली मिलन समारोह में इस बार सामाजिक समरसता और सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां दलीय सीमाएं टूटती नजर आईं। सोमवार की शाम कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद आयोजक प्रवीण सिंह ने अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक संग्राम यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव को चंदन का तिलक लगाकर तथा गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा के साथ गले मिलकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कलाकार राजेश रंजन को चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद कलाकारों ने राधा-कृष्ण स्वरूप में मनमोहक होली गीतों की प्रस्तुति दी। समारोह की खास बात यह रही कि यहां रंग-गुलाल के बजाय गुलाब के फूलों से होली खेली गई। अतिथियों का स्वागत चंदन के तिलक से किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, बुद्धिजीवियों और छात्र राजनीति से जुड़े लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अखिलेश मिश्रा गुड्डू, कांग्रेस, बसपा सहित विभिन्न दलों के नेता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में आयोजक प्रवीण सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, छात्र नेता और समाजसेवी भी उपस्थित रहे।


गैस एजेंसी का निरीक्षण करते डीएम और एसएससी। अमृत विचार

## डीएम और एसएसपी ने गैस एजेंसियों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने मंगलवार को थाना रानी की सराय क्षेत्रान्तर्गत तुषार गैस एजेंसी, नीबी तथा थाना सिधारी क्षेत्रान्तर्गत के.टी. गैस एजेंसी, हलुवाडीह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलिंडर के भंडारण, वितरण व्यवस्था एवं अभिलेखों की जांच की गई तथा उपभोक्ताओं को समयबद्ध व सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी के मालिकों को यह भी निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी तथा उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। इसके साथ ही अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# पात्र लाभार्थियों को दें आवास की सुविधा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किश्त के रूप में 900 करोड़ रुपए की अनुदान राशि प्रेषित की गई। इस कार्यक्रम का प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थियों ने सहभागिता किया। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 807 लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 1.1 लाख की प्रथम किस्त भेजी गई हैए जिससे लाभार्थी अपने आवास निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर सकेंगे।


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, पीओ डूडा विशाल सारस्वत सहित बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी एवं कटेहरी विधायक द्वारा जनपद के चयनित लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रथम किस्त 1 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र वितरित किए। एमएलसी ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की मंशा है कि समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सम्मानजनक आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और वंचित वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से हजारों परिवारों का पक्का घर का सपना साकार हो रहा है।

### पात्र लाभर्थियों के खाते में पहुंच रही है धनराशि

कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाया जा रहा है, जिससे पात्र व्यक्तियों को बिना किसी बाधा के योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## पुरानी टैक्स व्यवस्था को बहाल करने की मांग

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में जेसीबी संचालकों ने परिवहन विभाग द्वारा लागू की गई नई वन टाइम टैक्स व्यवस्था के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें पुरानी टैक्स व्यवस्था को बहाल करने की मांग की गई है। जेसीबी यूनियन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जेसीबी के संचालन से ही उनके परिवारों का भरण-पोषण होता है। वह पहले पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करते थे। हालांकि शासन ने अब वन टाइम टैक्स व्यवस्था लागू कर दी है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह नई व्यवस्था पुरानी मशीनों पर भी लागू की गई है, जिससे जेसीबी संचालक अपनी मशीनों का संचालन करने में असमर्थ महसूस कर रहे हैं। संचालकों ने मांग की है कि नई व्यवस्था को तत्काल हटाकर पुरानी टैक्स प्रणाली को फिर से लागू किया जाए।

**मेधावी का सम्मान** | विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डिसूजा ने पुरु दुबे को बुके भेंट कर किया स्वागत

# शिक्षा, संस्कार व मार्गदर्शन सफलता की मजबूत नींव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** संघ लोक सेवा आयोग की की प्रतिष्ठित परीक्षा में 86वीं रैंक प्राप्त करने वाले सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज के भूतपूर्व छात्र एवं आईएससी 2017 बैच के टॉपर पुरू दुबे का विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डिसूजा ने पुरू दुबे को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया तथा शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं शिक्षक सेबेस्टियन ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। आईएएस पुरू दुबे ने अपने विद्यालयी जीवन को याद करते हुए छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसलिए पढ़ाई को कभी बोझ न समझें। लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ निरंतर परिश्रम करें और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी भाग लेते रहें, इससे व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा, संस्कार, शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा अभिभावकों और परिजनों का सहयोग ही उनकी सफलता की मजबूत नींव है।



अकबरपुर नगर के सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते आईएएस पुरू दुबे व साथ में मौजूद प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डिसूजा।

### पोधरोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश

इस दौरान पुरू दुबे ने विद्यालय परिसर में पोधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अंत में प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट डिसूजा ने पुरू दुबे को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन में निरंतर प्रयास करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। समारोह में विद्यालय परिवार और अभिभावक उपस्थित रहे।

# युवक की दिल्ली में मौत, शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कटका थाना क्षेत्र के दुलहूपुर कला निवासी एक युवक की दिल्ली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि दुलहूपुर कला निवासी सोनू यादव पुत्र रामधारी यादव (30) दिल्ली में रहकर काम करता था। बताया जाता है कि सोमवार की रात वह अपने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर दिल्ली में ही रह रहे गांव के अन्य लोगों ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद मंगलवार को शव लेकर गांव पहुंचे। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कटका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी कटका अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। सोनू यादव अपने पीछे पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। उसकी तीन वर्षीय पुत्री और छह माह का मासूम पुत्र है।

## नकली पिस्टल से लूट की कोशिश

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के टांडा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक सर्राफा की दुकान पर नकली पिस्टल से लूट का प्रयास किया गया। स्थानीय लोगों ने भाग रहे आरोपी नसीम अहमद को पकडक़र पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। यह घटना टांडा थाना क्षेत्र में स्टेट बैंक के बगल स्थित अखिलेश ज्वेलर्स की दुकान पर हुई। बता दें कि टांडा छोटी बाजार निवासी नसीम अहमद दुकान पर पहुंचा और खुद को सऊदी से आया हुआ बताया। उसने दुकानदार ज्ञान प्रकाश से अंगूठी और चेन दिखाने को कहा। जैसे ही दुकानदार ने आभूषण दिखाए, नसीम ने उन्हें हाथ में ले लिया। उसने साथ रखी नकली पिस्टल से दुकानदार को धमकाया और आभूषण लेकर भागने की कोशिश की। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने भाग रहे नसीम अहमद को पकड़ लिया और उसकी पिटाई भी की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी नसीम अहमद को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। सीओ टांडा शुभम कुमार ने बताया कि युवक के पास से आभूषण बरामद कर लिया गया है। दुकानदार की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 19 मार्च से चैत्र नवरात्र का होगा शुभारंभ

सुलतानपुर, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र 19 मार्च से प्रारम्भ हो रहे हैं। नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालु घरों और मंदिरों में विधि-विधान से घट स्थापना कर माता दुर्गा का आह्वान करेंगे। पंडित कृष्णकांत मालवीय के अनुसार घट स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 7:20 से दोपहर 12:29 बजे तक रहेगा। वहीं स्वार्थसिद्धि योग प्रातः 6:52 से 7:20 बजे तक तथा अभिजीत मुहूर्त 11:40 से 12:29 बजे तक रहेगा, जो अत्यंत शुभ माना गया है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में कलश स्थापना से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जौ बोना समृद्धि व नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है।

### पुरानी रंजिश में महिला की पिटाई, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़िता उषा पत्नी रमेश ने आरोप लगाया कि सोमवार सुबह विपक्षी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व लात-घूंसों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के संतोष, अमर बहादुर, हीरा, जैसू व सोनी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कल्याणपुर फायरिंग कांड में 3 गिरफ्तार

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में 15 मार्च को जमीनी विवाद में हुई मारपीट व फायरिंग के मामले में पुलिस ने मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर जमालपुर गांव की पुलिया के पास से पुलिस टीम ने दोपहर करीब 11-15 बजे इन्हें दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेमू गौतम उर्फ हेमंद, दुर्गेश दुबे उर्फ छोटू और प्रवेश सिंह के रूप में हुई है, जो जौनपुर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। सीओ कादीपुर ने बताया कि सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### किशोरी को भगाने का आरोप, केस दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना 13 मार्च की शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है, जब किशोरी घर से लापता हो गई। परिजन काफी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को किशोरी के पिता ने पड़ोसी गांव के युवक पंकज चौहान के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

# 1.32 करोड़ से बनेगा नवीन राजकीय हाईस्कूल

**विकासखंड धनपतगंज स्थित खारा गांव में धूमधाम से हुआ भूमि पूजन, एमएलसी ने की प्रधान की सराहना**

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के विकासखंड धनपतगंज स्थित खारा गांव में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। प्राथमिक विद्यालय कोटवा खारा के प्रांगण में नवीन राजकीय हाईस्कूल खारा का भूमिपूजन मंगलवार को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि अवधेश दास, ब्रह्मचारी आश्रम चंदौर ने संयुक्त रूप विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

कार्यदाई संस्था के सहायक अभियंता आशीष राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि नवीन राजकीय हाईस्कूल के निर्माण के लिए 1.32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विद्यालय निर्माण में एक प्रधानाचार्य कक्ष, एक कार्यालय, चार कक्षाएं बच्चों के शिक्षण के लिए, साइंस लैब,कंप्यूटर लैब, आर्ट क्राफ्ट,बालकदृबालिकाओं, दिव्यांगों के लिए शौचालय निर्माण,विद्युतीकरण, बोरिंग एवं पम्प की व्यवस्था शामिल रहेगी और विद्यालय निर्माण कार्य जनवरी 2027 तक पूर्ण होगा। विद्यालय का निर्माण कार्य कार्यदाई संस्था यू.पी. सिडको द्वारा कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी कार्यदाई संस्था के अवर अभियंता आशीष मिश्रा, सहायक अभियंता आशीष राय तथा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोगों में पृथ्वीपाल सिंह, समरजीत सिंह, अनिल कुमार सिंह, शिवप्रसाद दुबे, अवधेश दास सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान खारा दिव्यराज सिंह 'लक्की' ने कहा कि चुनाव से पहले जो सपना ग्रामसभा के विकास को लेकर देखा गया था, वह आज साकार होता दिखाई दे रहा है। मनीष उपाध्याय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधान जी द्वारा इस विद्यालय को स्वीकृति दिलाना शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा और सराहनीय कदम है।



खारा में भूमिपूजन करते मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि अवधेशदास।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शरीफपुर सिरवारा गांव में सोमवार रात एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर कटहल के पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी संदीप सिंह (25) सोमवार शाम अपने पिता त्रिभुवन सिंह के साथ बाजार से लौटे थे। इसके बाद पिता किसी काम से गोसाईगंज बाजार चले गए। सोमवार की रात करीब साढ़े सात बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि संदीप का शव घर के बाहर पेड़ से गमछे के सहारे लटक रहा है। बेटे को पेड़ से लटकता देख परिवार में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय, उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि मृतक एक माह पहले मुंबई से घर लौटा था। उसकी पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी वह एक ढाई वर्षीय बेटे का पिता था।

मृतक के पिता, मां और भाई का रो-रोकर बुरा हाल है। जयसिंहपुर सीओ राम कृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फायरिंग व जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों की जमानत अर्जी दाखिल

- अखंडनगर थानाक्षेत्र के कल्यानपुर बवाल से जुड़ा मामला



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखंडनगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बीते 15 मार्च को जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग व जानलेवा हमले के मामले में जेल में निरुद्ध रतनपुर (मैरवा) निवासी अजय प्रताप सिंह व अभिषेक राणा उर्फ अभिषेक प्रताप सिंह की जमानत अर्जी सेशन कोर्ट में दाखिल की गई है। प्रभारी सेशन जज राकेश पांडेय ने थाने से आरोपितों की आपराधिक इतिहास व केस डायरी तलब कर सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख नियत की है। पुलिस ने मामले में आधे दर्जन से ज्यादा आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

वादी जिलाजीत यादव ने आरोप लगाया है कि राणा अजीत प्रताप सिंह सहित कई लोगों ने पिस्टल, रिवाल्वर व लाठी-डंडों से हमला कर फायरिंग की, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

### हर्ष फायरिंग मामले में आरोपी सिपाही की जमानत खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के कर्माजीतपुर गांव में तिलकोत्सव कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को जिला जज सुनील कुमार की अदालत ने प्रतापगढ़ जिले के थाना बाघराजय उमरपुर बाघराय निवासी आरोपी आबकारी आरक्षी सुरेन्द्र यादव की जमानत अर्जी को आरोपों की गंभीरता देखते हुए खारिज कर दिया। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक 16 फरवरी 2026 को तिलकोत्सव कार्यक्रम के दौरान सुरेन्द्र यादव ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग की, जिससे सामने खड़े विनीत मिश्रा को गोली लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोतिगरपुर थाने के दरोगा श्रीराम मिश्र ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया।

### 4 आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी कोर्ट ने की खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने समेत अन्य आरोप से जुड़े मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी सहित अन्य के खिलाफ चल रहे मामले में एसीजेएम भाव्या श्रीवास्तव की अदालत ने चार आरोपियों की तरफ से पेश उन्मोचन अर्जी को निराधार मानते खारिज कर दिया है। मामले में अगली सुनवाई के लिए 27 मार्च की तारीख तय की गई है। कोतवाली अमेठी के कस्बा निवासी परिवादी घनश्याम सोनी ने तत्कालीन नपं अध्यक्ष चंद्रमा देवी व लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने समेत अन्य आरोप लगाए थे। वहीं पूर्व नपं अध्यक्ष चन्द्रमा देवी की निगरानी अर्जी पर सुनवाई के लिए सेशन कोर्ट ने सुनवाई के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में 19 मार्च को दर्ज होंगे आरोपियों के बयान

अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या के मामले में कोर्ट में आरोपियों के बयान मंगलवार को नही दर्ज हो सके। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए 19 मार्च की तारीख नियत की है। 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश के चलते मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की गोली मारकर हत्या से जुड़ा है। मामले में आरोपी जलालुद्दीन सहित दर्जन भर अन्य आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया संजय यादव (प्रधान) के उपस्थित न होने से बयान दर्ज होने की कार्रवाई नहीं हो सकी । कोर्ट ने आरोपी संजय यादव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी करने का आदेश दिया है।

### एक्सप्रेसवे के किनारे पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की शाम बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे चोपई पांडेय समरथपुर गांव में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित बाग में नीम के पेड़ से एक अज्ञात अधेड़ का शव तार के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह ने बताया कि आसपास के लोगों ने मृतक को पहले टहलते हुए देखा था, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को मोर्चरी भेज दिया गया है और पहचान कराने के प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला आत्महत्या का है या हत्या कर शव को लटकाया गया है।

# आलोक अध्यक्ष तो सूरज चुने गए महामंत्री

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार को यू.पी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पत्रकारों की समस्याओं, अधिकारों और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें आलोक सिंह को अध्यक्ष और सूरज विश्वास को महामंत्री चुना गया। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता पर जोर दिया। इस दौरान बेनु शुक्ला, श्याम चंद्र, सुशील चंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा, महेंद्र सिंह, नीरज सिंह, राज जायसवाल, रवि जायसवाल, अरुण कुमार मिश्रा, महेंद्र प्रताप, त्रिलोक चंद्र, शैलेन्द्र प्रताप, धर्मेंद्र कुमार, वीर विक्रम, उपेंद्र कुमार, अंशुमान सिंह, सुधांशु तिवारी, रामकृष्ण पांडेय, करुणा शंकर पांडेय, रण विजय सिंह, निर्मल मिश्रा सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

- ब्लॉक प्रांगण में संपन्न हुई उपजा की बैठक



उपजा की बैठक में चुनी गई नई कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

# 60 सदस्यीय दल आईआईटी रुड़की के लिए रवाना

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत जनपद सुलतानपुर से 60 सदस्यीय छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का दल राज्य के बाहर एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुआ। यह दल आईआईटी रुड़की, शांतिकुंज तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार का शैक्षिक भ्रमण करेगा।

दल का प्रस्थान केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सुलतानपुर से किया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा माध्यमिक के जिला समन्वयक अखिलेश पांडेय, विद्यालय की प्रधानाचार्य पल्लवी सिंह तथा राजकीय हाई स्कूल कनकपुर शिकवा की प्रधानाचार्य चारुल गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस शैक्षिक भ्रमण में राजकीय इंटर कॉलेज बिकना, राजकीय हाई स्कूल केनौरा, राजकीय हाई स्कूल जुड़ूपुर, राजकीय हाई स्कूल कनकपुर शिकवा, राजकीय हाई स्कूल इस्माइलपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बुआपुर तथा अमिलिया सिकरा के विद्यार्थी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं।

- समग्र शिक्षा माध्यमिक के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

भ्रमण दल के नोडल अधिकारी शैलेंद्र चतुर्वेदी एवं सह-नोडल संगीता गुप्ता हैं, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों का भ्रमण कर वहां की शैक्षिक प्रणाली, संस्कृति एवं अनुभवों से परिचित होंगे। इस दौरान शिक्षक दिलीप यादव, कविता पांडे, इंदू मौर्य एवं रीतू सिंह भी विद्यार्थियों के साथ भ्रमण में सम्मिलित हैं।




दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला समन्वयक अखिलेश पांडेय व अन्य।

# दीनबंधु के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी पर आयोजित "देव उत्सव" कार्यक्रम में भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एवं श्री गंगा सभा (रजिस्टर्ड), हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मां गंगा की पावन गोद में भजनों की अविरल धारा बही।

कार्यक्रम में जिले के निवासी अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु सिंह ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों की मधुरता और भक्ति भाव से ओतप्रोत गायन ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु खुद को रोक नहीं सके और भजनों पर झूमने व नाचने लगे। हर की पौड़ी का पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया तथा वातावरण भजन-कीर्तन से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने ताली बजाकर और झूमकर अपनी भावनाओं का इजहार किया। कार्यक्रम में वाद्य यंत्रों पर अमित धीमन (ढोलक), राहुल थापा (कीबोर्ड), राघव शर्मा (तबला), विनय शर्मा (ऑक्टोपैड) एवं सुमित (गिटार) ने संगत कर प्रस्तुति को और भी आकर्षक बनाया। इसके अलावा कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।



भजन प्रस्तुत करे लोक गायक दीनबंधु सिंह। ● अमृत विचार

- हरिद्वार में 'देव उत्सव' के दौरान देखने को मिला भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम

### जमानत पर छूटे आरोपी की धमकियों से दहशत

**संवाददाता,सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र की एक युवती ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा और न्याय की मांग की है। युवती का आरोप है कि गैर संप्रदाय का युवक उसकी नाबालिग बहन के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका आरोपी जमानत पर छूटने के बाद लगातार सुलह का दबाव बना रहा है। युवती ने बताया कि आरोपी रास्ते में रोककर उसे और उसके परिजनों को डराने-धमकाने का प्रयास करता है, जिससे पूरा परिवार भयभीत है। युवती ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। कुड़वार थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वार्षिक परीक्षा संपन्न, 13 छात्र अनुपस्थित

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 तक की वार्षिक गणित व संस्कृत परीक्षाएं शांतिपूर्वक संपन्न हुईं। इस दौरान कुल 13 छात्र अनुपस्थित रहे। कम्पोजिट विद्यालय खानीपुर में प्रथम पाली में 107 में से 11 छात्र अनुपस्थित रहे, जबकि संस्कृत परीक्षा में भी 11 छात्र गैरहाजिर मिले। प्राथमिक विद्यालय खोरेपुर में गणित परीक्षा में 50 में से 2 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा में बीजगणित, ज्यामिति, सुभाषित व व्याकरण से जुड़े प्रश्न पूछे गए। खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा ने चेतावनी दी कि परीक्षा में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### कंपोजिट विद्यालय में बेंच गुणवत्ता की जांच

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम भरथुआ स्थित कंपोजिट विद्यालय में बेंचों की गुणवत्ता को लेकर हुई शिकायत की जांच मंगलवार को डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर की। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को सुनते हुए अभिलेखों का निरीक्षण किया और कंसल्ट इंजीनियर विशाल यादव को बेंचों की तौल व माप की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बताया गया कि विद्यालय में 50 बेंचों की आपूर्ति शिवम फर्नीचर ट्रेडर्स द्वारा की गई थी, जिस पर करीब 3 .20 लाख रुपये खर्च हुए। शिकायतकर्ता संतोष सिंह ने बेंचों की गुणवत्ता खराब होने और भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाया है। जांच के दौरान बेंचों की तौल भी कराई गई, जिसमें मानक से कम वजन की बेंच मिलने की बात सामने आई।

**फूटा गुस्सा** | डीडीओ को सौंपा ज्ञापन, 75 दिनों से मजदूरी लंबित, 2 हजार करोड़ रुपये भुगतान बकाया का आरोप

# मनरेगा भुगतान में देरी पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मनरेगा मजदूरों के लंबित भुगतान को लेकर कांग्रेस पार्टी ने जुलूस निकालकर विकास भवन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला विकास अधिकारी को सौंपा। विरोध प्रदर्शन कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में किया गया।

ज्ञापन में कांग्रेसियों ने केंद्र व राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को पिछले 75 दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल उत्तर प्रदेश में ही लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इसके साथ ही ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मियों को 8 महीनों से मानदेय न मिलने का मुद्दा भी उठाया गया।सरकार होली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार पर भी रोजगार सेवकों सहित अन्य मनरेगा के संविदा कर्मियों मानदेय नहीं दे पाई जिससे मनरेगा कर्मियों की होली फीकी पड़ गई।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भुगतान में देरी के कारण गरीब मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिससे वे होली जैसे त्योहार भी ठीक से नहीं मना सके। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मजदूरों की 75 दिनों की लंबित मजदूरी और संविदा कर्मियों का 8 माह का बकाया मानदेय तत्काल जारी किया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो।कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि गरीबों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अन्य नेताओं ने भी सरकार पर मजदूर विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी।

प्रदर्शन के दौरान रणजीत सिंह सलूजा, कुमारी निकलेश सरोज, मानस तिवारी, शरद श्रीवास्तव, नंद लाल मौर्य, हाजी फिरोज अहमद, हामिद राईनी, सुरेश चंद्र मिश्र, जनेश्वर उपाध्याय, सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डीडीओ गजेंद्र कुमार त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### तीन भाजपा नेता बने नामित सभासद

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत दोस्तपुर में शासन द्वारा तीन मनोनीत सदस्यों के नाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। शेष कार्यकाल के लिए बभनैया पश्चिम मोहल्ला से रवि शंकर पाठक और अजय कुमार सोनी तथा वार्ड नंबर दो समसपुर निवासी बाल मुकुंद मौर्य को नामित किया गया है। सूची जारी होते ही एक ओर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया, वहीं अनुसूचित जाति व महिला कार्यकर्ता का नाम शामिल न होने पर सवाल भी उठने लगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय लक्ष्मी शुक्ला, शकुन्तला मिश्रा, अंजू देवी, मनीष अग्रहरी, श्यामलाल अग्रहरी, आदि ने खुशी जाहिर की है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ASHISH KUMAR SHUKLA था से बदलकर ASHISH SHUKLA रख लिया है। अब मुझे ASHISH SHUKLA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SANKATA PRASAD SHUKLA ADD-JALSANSTHAN AWAS MOTIJHEEL COLONY AISHBAGH DIST-LUCKNOW-226004 (U.P.)

**सूचना**

मैं मन्तसा बेगम पुत्री अफरोज हुसैन निवासी सलोन जिला रायबरेली ने अपनी शादी आशीष मौर्य निवासी मानिकपुर रोड सलोन के साथ कर ली है। इसीलिए अब मुझे **नेहा मौर्य पत्नी आशीष मौर्य निवासी सलोन** के नाम से जाना पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ड्राइविंग लाइसेंस (LMV) कहीं खो गया है। लाइसेंस न तो किसी को दिया गया और न ही कहीं जमा किया गया है। **व्रिकम कुमार पुत्र शिव बहादुर निवासी – ग्राम व पोस्ट मलके गांव,थाना सरेनी,तहसील लालगंज जिला रायबरेली**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै SHIV BHAJAN से अपना नाम बदल कर SHIV BHAJAN BHARTI रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र RAM TEJ निवासी जफरपुर पोस्ट पुरे शिवदायल गंज गोंडा का रहने वाला हूं।

**सूचना**

मैं **हजारी लाल पुत्र स्व. भूखन निवासी सत्तिन पुरवा सिधौली सीतापुर,** मेरा सही नाम हजारी लाल पुत्र भूखन निवासी उपरोक्त है जबकि आधार कार्ड में महेन्द्र कुमार पुत्र महेश प्रसाद अंकित हो गया है इसलिए खतौनी के अनुसार सही नाम हजारी लाल पुत्र भूखन निवासी उपरोक्त अतः समस्त दस्तावेजों पर मेरा नाम हजारी पुत्र भूखन निवासी उपरोक्त ही दर्ज है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है जबकि सही नाम हजारी लाल पुत्र भूखन है व भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, मिर्ज़ा शफीक हुसैन के पुत्र का नाम अली अरहान आयु लगभग 10 वर्ष है। वह उसकी माता का नाम सबा ज़हरा है। अली अरहान की माता का नाम भविष्य में सबा ज़हरा ही जाना वह पहचाना जाए। **मिर्ज़ा शफीक हुसैन, 5 यूनिटी अपार्टमेंट 55 जगत नारायण रोड, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं **अली अब्बास पुत्र जुल्फेकार हैदर निवासी– ग्राम नगपुर, करीमपुर थाना महसी जलालपुर, अम्बेडकरनगर** , मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा 2019 अनुक्रमांक 1988371 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216606761 प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

मैं **मोहम्मद रहबर पुत्र रमजान अली निवासी– मोहल्ला जाफराबाद जलालपुर, अम्बेडकरनगर** , मेरा यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा 2005 अनुक्रमांक 1787915 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1055739 प्रमाण पत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अश्मिता के सिंह पुत्री अरुण शिखा पत्नी स्व0 अनूप सिंह है, जो कि उसके शैक्षणिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0–608967204281 में उसका नाम इवान्या सिंह अंकित हो गया है, जो कि गलत है, भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम अश्मिता के सिंह (Asmita K Singh) पुत्री अरुण शिखा के नाम से जाना व पहचाना जाये। एतद्द द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी औपचारिकताये मेरे स्वयं द्वारा पूर्ण की गई है। नि0 – 656 ज, उत्तरी गौतम नगर G.G.I.C पूर्वी गली I.T.I रोड फतेहपुर उ.प्र.

**सूचना**

मैं श्रीमती उमा लालवानी पत्नी श्री नरेश लालवानी निवासिनी–ई0डी0–1–849, पराग डेरी, एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, मेरे पुत्र आशुतोष लालवानी (Ashutosh Lalwani) के चाल–चलन ठीक न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि उक्त पुत्र या उनका परिवार कोई ऐसा कृत्य कार्य करता है जो सभ्य समाज के हित में न हो तो ऐसी सूरत में आशुतोष लालवानी (Ashutosh Lalwani) व उनके परिवार द्वारा किये गये कृत्य से मेरा अथवा मेरे अन्य उत्तराधिकारियों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

# बीएसए ने एमडीएम संचालन को मांगे 7700 गैस सिलेंडर

## तहसीलवार आपूर्ति के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को भेजा पत्र, डीएसओ बोले- ब्लाकवार उपलब्ध कराएं लिस्ट

अमृत विचार IMPACT

संवाददाता गोंडा


चार लाख बच्चों के मिड डे मील पर गहराया संकट
विद्यालयों को नहीं मिल पा रहा गैस सिलेंडर, शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से की समस्या के समाधान की मांग
बड़ी समस्या
एक एजेंसी में वितरित किये गये सिलेंडर, दूसरी में लगा रहा ताला

15 मार्च के अंक में प्रकाशित समाचार।

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में बच्चों के एमडीएम संचालन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रति माह 7700 गैस सिलेंडर की मांग की है। रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच बीएसए की लिस्ट ने आपूर्ति विभाग के पसीने छुड़ा दिए हैं। इस डिमांड को देखते हुए डीएसओ ने अब बीएसए से ब्लाकवार लिस्ट मांगी है। बीते 15 मार्च को अमृत विचार ने एमडीएम संकट पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद हरकत में आए बेसिक शिक्षा विभाग ने आपूर्ति विभाग को गैस सिलिंडर आपूर्ति के लिए चिट्ठी भेजी है।

रसोई गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर लंबी कतार लग रही है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग सिलेंडर के लिए गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं। दिन भर लाइन लगाने के बाद अधिकतर लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। यह संकट परिषदीय स्कूलों तक जा पहुंचा है। स्कूलों को पिछले एक सप्ताह से गैस सिलेंडर नहीं मिला है। गैस सिलेंडर न मिलने से बच्चों के मिड डे मील पर संकट खड़ा हो गया है। गैस सिलेंडर के अभाव में कई स्कूलों में मिड डे मील ठप है। इस समस्या को लेकर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्या समाधान की मांग की थी। अनूप सिंह का कहना था कि जिले की किसी भी गैस एजेंसी द्वारा विद्यालयों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। विद्यालयों के गैस कनेक्शन से ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते शिक्षक गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। जिलाधिकारी की बैठक में भी यह समस्या रखी गयी थी। इस पर डीएम ने बीएसए को प्रति माह लगने वाले सिलेंडर का आगणन कर डीएसओ को भेजने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश पर बीएसए ने डीएसओ को आगणन भेज दिया है। बीएसए के मुताबिक जिले के चारों तहसीलों में एमडीएम संचालन के लिए 7700 गैस सिलेंडर की आवश्यकता है। इसके लिए तहसीलवार लगने वाले गैस सिलेंडर की संख्या भी लिखी गयी है। मनकापुर तहसील में मध्यान्ह भोजन से आच्छादित विद्यालयों में प्रति माह 1180 व कस्तूरबा विद्यालय में प्रति माह 45 गैस सिलेंडर की जरूरत बताई गयी है। इसी तरह तरबगंज में 1819 व कस्तूरबा स्कूल में 85, करनैलगंज में 2085 व 70 तथा सदर तहसील के विद्यालयों में 2370 व कस्तूरबा स्कूलों में 80 गैस सिलेंडर की आवश्यकता बताई गयी है। इस संख्या को देखकर आपूर्ति विभाग के पसीने छूट रहे हैं। अब जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बीएसए से ब्लाकवार संख्या मांगी है।

### एमडीएम संचालन को तत्काल मिले गैस सिलेंडर

**गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा का कहना है कि कई ब्लाकों में एमडीएम संचालन के लिए गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे मध्याह्न भोजन योजना प्रभावित हो रही है। विद्यालयों में परिषदीय वार्षिक परीक्षाएं भी गतिमान हैं। ऐसे में शिक्षक विद्यालय समय में लाइन लगाकर गैस खोजे ऐसा व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि शिक्षक को उसकी मांग पर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाए जिससे विद्यालय संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### उमरी बेगमगंज में रसोई गैस संकट गहराया कालाबाजारी के आरोपों से मचा हड़कंप


एक छोटे होटल पर रखा घरेलू गैस सिलेंडर।

**उमरी बेगमगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत को लेकर हालात दिन-ब-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं, जहां उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों को रोजमर्रा के कामकाज में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से गैस सिलेंडर की आपूर्ति नियमित नहीं हो रही है, जिससे घरेलू उपभोक्ता परेशान हैं। महिलाएं विशेष रूप से इस समस्या से जूझ रही हैं, क्योंकि रसोई का काम प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर, क्षेत्र में चाय की दुकानों और चाट के ठेलों पर रसोई गैस का खुलेआम इस्तेमाल जारी है। इस स्थिति ने लोगों के मन में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जब आम लोगों को गैस उपलब्ध नहीं हो रही, तो व्यावसायिक उपयोग के लिए सिलेंडर आसानी से कैसे मिल रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी संचालकों पर मिलीभगत और अधिक दाम वसूलकर कालाबाजारी करने के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन क्षेत्र में इसको लेकर चर्चा तेज है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में भेजा ज्ञापन

संवाददाता, गोंडा



मुजेहना के प्राथमिक विद्यालय अचलपुर में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता के विरोध में मुजेहना के शिक्षकों ने मंगलवार को विरोध दर्ज कराया।

शिक्षकों ने विभिन्न संवैधानिक एवं शासकीय पदाधिकारियों को पोस्टकार्ड और ई-मेल के माध्यम से ज्ञापन भेजकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एवं संगठन मंत्री के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता की।

इस दौरान शिक्षकों ने अपने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश (सर्वोच्च न्यायालय), मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित किया। शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि सेवारत शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपदीय उपाध्यक्ष राजीव कुमार, ब्लॉक संगठन मंत्री विजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष भानु प्रकाश वर्मा, जनक राम वर्मा, अजीत वर्मा, शिवकुमार वर्मा, संजय कुमार, आशुतोष द्विवेदी सहित अनेकों पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे।

## वकीलों के आंदोलन से न्यायिक कार्य बाधित

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अधिवक्ताओं के आंदोलन से न्यायिक कार्य पूरी तरह प्रभावित है। मंगलवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर क्रमिक अनशन पर रहे। न्यायालय तो खुले रहे, मगर सन्नाटा छाया रहा। एसडीएम नेहा मिश्रा ने बताया कि लगातार कार्यालयों में जनता दर्शन, जन सुनवाई, शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार अतुल कुमार पाल, नायब तहसीलदार मौजूद रहे। बार एसोसिएशन के महामंत्री पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि एडीएम के न आने के कारण वार्ता नहीं हो सकी। क्रमिक अनशन के दौरान श्यामधर शुक्ल, सत्य नारायन सिंह, गोपाल तिवारी, अरविंद शुक्ल, त्रिलोकी नाथ तिवारी, पवन कुमार गुप्त, हृदयनारायण मिश्र, अतुल शुक्ल, संसार मणि, राजू गुप्त, अमरेश चौबे सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

# जमीन दिलाने के नाम पर 19.20 लाख की ठगी

धोखाधड़ी

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम इमरती विशेन निवासी परमात्माराम की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

आरोप है कि परवानपुर निवासी दीनानाथ मिश्र समेत अन्य आरोपियों ने संगठित गिरोह बनाकर पीड़ित से करीब 19.20 लाख रुपये ऐंठ लिए। बताया गया कि आरोपियों ने एक महिला की जमीन दिखाकर असली दस्तावेज प्रस्तुत किए और विश्वास में लेकर आरटीजीएस व नकद के माध्यम से तीन बार में रकम ले ली। बाद में फर्जी महिला खड़ी कर कूटरचित इकरारनामा तैयार करा दिया गया। पीड़ित का कहना है कि जब उसे धोखाधड़ी का आभास हुआ तो आरोपियों ने दूसरा एग्रीमेंट करने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में टालमटोल करते रहे। पैसा वापस मांगने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। कुछ रकम चेक के माध्यम से दी गई, जो बाउंस हो गए। मामले में दीनानाथ मिश्र व ज्ञानमती निवासी परवानपुर, भोलू मिश्र निवासी चंद्रभानपुर थाना करनैलगंज तथा नटवर निवासी छिटनापुर थाना कटरा बाजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 25 हजार का इनामी वाहन चोर गिरफ्तार

कार्रवाई

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी शातिर वाहन चोर मलखान सिंह उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले डेढ़ साल से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, 4 सितंबर 2024 को कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी की 15 मोटरसाइकिलों के साथ तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया था। उस दौरान मलखान सिंह मौके से फरार हो गया था और तभी से पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था। लगातार प्रयासों के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर 11 मार्च को उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह पर भी बड़ा प्रहार माना जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली नगर थाने में पहले से दर्ज मुकदमे के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक अमरनाथ, उपनिरीक्षक अविनाश सिंह, कांस्टेबल रामनाथ प्रजापति और महिला आरक्षी पूनम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के बनघुसरा ग्राम पंचायत में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घर में घुसकर हमला, तोड़फोड़ और लूटपाट के आरोप लगाए हैं और थाने में तहरीर दी है। एक पक्ष की ओर से अर्चना ने आरोप लगाया है कि संतोष शुक्ला, उमाशंकर शुक्ला, सचिन, विनोद, दिनेश, अवधेश, संजय और विशाल समेत करीब 15 से 20 अज्ञात लोग घर में घुस आए और परिवार के लोगों को बेरहमी से पीटा। आरोप है कि हमलावर नकदी व जेवरात भी उठा ले गए। दूसरे पक्ष के विनोद तिवारी ने आरोपी मुरलीधर तिवारी, पवन कुमार तिवारी, विकास तिवारी, अमन तिवारी समेत कई लोगों को नामजद करते हुए मारपीट, बाउंड्री वॉल गिराने और वाहन क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। घटना सोमवार की शाम की है।

# सड़क किनारे बेहोश मिले व्यक्ति की मौत

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** मंगलवार को सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, स्थानीय थाना क्षेत्र के अहलाद नगर गांव निवासी संतोष कुमार नाई (45) मल्लापुर स्थित अपने ससुराल से ई-रिक्शा के जरिए घर लौट रहे थे। वह गोकरननाथ शिवाला चौराहा पर ई-रिक्शा से उतर गए। इसके बाद वाहन न मिलने पर वह गोकरननाथ से महराजगंज मार्ग की ओर पैदल ही घर के लिए चल पड़े। बताया जाता है कि चौराहे से करीब 500 मीटर आगे वह एक पेड़ के नीचे बैठ गए और अचानक बेहोश होकर वहीं गिर पड़े। आसपास के लोगों ने अज्ञात व्यक्ति को इस हालत में देखकर डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी खरगूपुर पहुंचाया। सीएचसी में तैनात डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी ने जांच के बाद संतोष को मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी अनीता व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चार बेटियां और दो बेटे हैं, जिनमें बड़ी बेटी अंजनी (20) की शादी हो चुकी है। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बिकरवा गांव में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि तिलकराम पुत्र माधवराज अपने घर में अकेले रहता था। मंगलवार को उसका शव घर के अंदर संदिग्ध हालात में मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक के भतीजे ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

राहत की बात | डीएम के निर्देश पर शुरू कराया गया कार्य

# 25 वर्ष की उपेक्षा समाप्त, मार्ग निर्माण शुरू


25 साल से मरम्मत के इंतजार में सात किलोमीटर लंबी सड़क
जिलाधिकारी ने भी दिया था आश्वासन

15 मार्च के अंक में प्रकाशित समाचार।

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** करीब 25 वर्षों से बदहाल पड़ी सात किलोमीटर लंबी सड़क को लेकर प्रकाशित खबर और ग्रामीणों के लगातार संघर्ष ने आखिरकार प्रशासन को कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया। लंबे समय से उपेक्षित इस सड़क के निर्माण को अब मंजूरी मिल गई है और मौके पर तेजी से काम भी शुरू हो गया है। इससे क्षेत्र के लोगों में राहत और खुशी का माहौल है।

बताते चलें कि यह सड़क बनकटवा, रमरूपवा, शुकुलपुरवा, सतिया सहित करीब 10 गांवों को जोड़ते हुए मनकापुर-नवाबगंज मुख्य मार्ग में मिलती है। यह मार्ग हजारों ग्रामीणों के दैनिक आवागमन का प्रमुख साधन है, लेकिन वर्षों से इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया था। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी गिट्टियां और धूल-मिट्टी के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे थे, वहीं बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका। इसी क्रम में ग्रामीणों ने तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग रखी थी। उस समय आश्वासन जरूर मिला, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसके बाद जब इस मुद्दे को 'अमृत विचार' ने प्रमुखता से प्रकाशित किया और ग्रामीणों ने वर्तमान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से मिलकर पुनः सड़क निर्माण की मांग की, तब प्रशासन हरकत में आया। डीएम ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को सड़क निर्माण/मरम्मत के स्पष्ट निर्देश दिए। डीएम के आदेश के बाद विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्य शुरू करा दिया है। सड़क पर गिट्टी डालने, समतलीकरण और बेस मजबूत करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों में उम्मीद की किरण जगी है और लोगों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है, जो गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ती है। सड़क बन जाने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि छात्रों, मरीजों और किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए, ताकि आने वाले वर्षों में फिर से यह सड़क बदहाल न हो।

# युवक का शव पहुंचते ही घरवालों में मचा कोहराम

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** रिश्तेदारी से अपनी चचेरी बहन और तीन वर्षीय बच्चे के साथ बाइक से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मृत युवक का सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने देर शाम शव का अंतिम संस्कार अयोध्या के सरयू नदी तट पर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के लोनियन पुरवा निवासी कन्हैयालाल चौहान ने बताया कि उनका बेटा सचिन चौहान रविवार को अपनी चचेरी बड़ी बहन राजवन्ती उर्फ मालती के साथ रेहरा बाजार के व्यास कुआं से रिश्तेदारी से बाइक से बहन के घर साहिबापुर, वजीरगंज जा रहा था। इसी दौरान वजीरगंज–झिलाही मार्ग पर देर शाम सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में सचिन चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसकी चचेरी बहन राजवन्ती उर्फ मालती और तीन वर्षीय शिब्बी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वजीरगंज की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सोमवार की शाम जैसे ही सचिन का शव घर पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी शादी नहीं हुई थी। वह शादी-विवाह में डीजे बजाने का काम करता था। मां मीना देवी और पिता कन्हैयालाल चौहान का रो-रोकर बुरा हाल है। शव का अंतिम संस्कार अयोध्या में सरयू नदी के किनारे कर दिया गया।

### संदीप समेत पांच नपा गोंडा के सभासद नामित

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में शासन की ओर से पांच लोगों को सभासद नामित किया गया है। स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि नए नामित सभासद नगर के विकास कार्यों को गति देंगे। शासन की ओर से नगर के विष्णु पुरी कॉलोनी के रहने वाले मनीष द्विवेदी व उमेश सिंह, आवास विकास कॉलोनी में रहने वाले संदीप पांडे, ददुआ बाजार के रहने वाली अनामिका चौधरी व मालवीय नगर के रहने वाले रामगोपाल साहू को सभासद के रूप में मनोनीत किया गया है। सूची जारी होते ही नगर में बधाइयों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा नेता शेष चौरसिया ने सभी नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये सभी लंबे समय से समाज सेवा से जुड़े रहे हैं और जनसेवा के प्रति समर्पित हैं।

### मनरेगा कर्मियों को जुलाई 2025 से नहीं मिला मानदेय


बीडीओ को ज्ञापन देते मनरेगा कर्मी। ● अमृत विचार

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज क्षेत्र में मनरेगा कर्मचारियों ने लंबे समय से वेतन न मिलने के विरोध में बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर जल्द भुगतान की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें जुलाई 2025 से अब तक वेतन नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों ने फसल सर्वेक्षण (क्रॉप सर्वे) और एसआईआर के सभी निर्धारित लक्ष्य पूरे किए हैं, इसके बावजूद उनका भुगतान लंबित है। उन्होंने कहा कि पहले दीपावली और फिर होली तक वेतन जारी करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील कुमार मिश्रा, अंजनी कुमार शुक्ला, जय प्रकाश तिवारी, कृष्ण कुमार, राजेश पाण्डेय, जगन्नाथ मिश्रा, अजय कुमार सिंह, प्रतिभा पांडे, दिलीप कुमार रावत, रघुवंश मिश्रा, अर्जुन कुमार मौर्य और ओम प्रकाश सहित लगभग दो दर्जन रोजगार सेवक शामिल रहे।

### नदी संरक्षण एवं स्वच्छता का चलाया अभियान


सरयू नदी की सफाई करते युवा। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** जिला गंगा समिति एवं टीएसए फाउंडेशन इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को सरयू नदी तट पर नदी संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा बैनर लगाकर आमजन को नदियों की स्वच्छता को बनाएं मिशन, प्रकृति संरक्षण से जुड़े जन-जन का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नदी तट की साफ-सफाई करते हुए कचरा एकत्रित किया गया। डीपीओ अंकिता सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 4 कुंतल कचरा निकाला गया। टीएसए फाउंडेशन इंडिया के एजुकेशन ऑफिसर हर्षित सिंह ने कहा कि नदी संरक्षण हर व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम वन दरोगा अशोक पांडेय, शिवम सिंह, अंकित सिंह, दिलीप सिंह व वन विभाग के स्टाफ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### एफपीओ सम्मेलन में कुलदीप मिश्रा सम्मानित



सम्मान प्राप्त करते कुलदीप मिश्रा। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** आईटीसी परिसर में एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) सम्मेलन का आयोजन किया गया। कृषि इनपुट क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एफपीओ के सीईओ कुलदीप मिश्रा को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अंकुर सिंह एवं एरिया मैनेजर पवन राय ने संयुक्त रूप से कुलदीप मिश्रा को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कुलदीप मिश्रा ने किसानों के हित में सराहनीय कार्य किए हैं। विशेषज्ञों ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग और बाजार से सीधा जुड़ाव स्थापित करने के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही, एफपीओ की भूमिका को किसानों के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम में विभिन्न एफपीओ प्रतिनिधि, कृषि विशेषज्ञ एवं क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे।

### स्काउट-गाइड शिविर का हुआ समापन



स्काउट गाइड शिविर को संबोधित करते एसपी विनीत जायसवाल।

**गोंडा, अमृत विचार :** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट, रोवर्स, रेंजर्स प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौजूद रहे। एसपी ने कहा कि स्काउट-गाइड जैसी गतिविधियाँ युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे अनुशासन, सेवा भावना, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, शारीरिक प्रशिक्षण, सामाजिक सेवा और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आयोजित जाँच में प्रतिभागियों के कौशल का मूल्यांकन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अमन चन्द्र एवं रोवर्स/रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए शिविर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस प्रदीप कुमार, प्राचार्य रविन्द्र कुमार, प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, सचिव उमेश कुमार शाह, आईक्यूएसी समन्वयक जितेन्द्र सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### ईद को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** ईद के त्योहार के मद्देनजर थाना कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय ने की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रशासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें और कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों, ग्राम प्रधानों एवं दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएंगे। वहीं सरकांड क्षेत्र में नमाज को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना पर प्रशासन ने समझा-बुझाकर मामले का समाधान करा दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं दोनों समुदायों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराएं: डीएम

## जिलाधिकारी ने चैत्र नवरात्र मेले की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का दिया निर्देश

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मंगलवार को तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर परिसर में फुल ड्रेस रिहर्सल कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, बैरिकेडिंग और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देवीपाटन मेला आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में सभी विभाग समन्वय से कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराएं।



चैत्र नवरात्र मेले की फुल ड्रेस तैयारी रिहर्सल का जायजा लेते डीएम और अन्य।

जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पार्किंग स्थलों को व्यवस्थित करने और वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने पर भी जोर दिया गया।

नगर निकाय के अधिकारियों को मेला क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया। डीएम ने कहा कि मेला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में दर्शन कराना है। इसके लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी और समन्वय से कार्य करना होगा। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, एसडीएम तुलसीपुर राकेश जयंत, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिवांग इंडियन गैस एजेंसी पर सिलेंडर की किल्लत



गैस एजेंसी पर सिलेंडर मिलने का इंतजार करते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

**तुलसीपुर बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील तुलसीपुर क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बिशनपुर खैरहनिया स्थित शिवांग इंडियन गैस एजेंसी पर सुबह आठ बजे से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतार लग जाती है, लेकिन लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर गैस की उपलब्धता को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। पिपरा दुर्गानगर से करीब 25 किमी दूर किराए के ई-रिक्शा से आए मिथलेश तिवारी, बनबाबा, शमा और समसुज्जमा ने बताया कि उनकी बुकिंग 12 फरवरी की है। तीन बार एजेंसी आ चुके हैं, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। लौकहवा के निब्बर और जमील ने बताया कि एक सप्ताह से गैस खत्म है और चार बार एजेंसी का चक्कर लगा चुके हैं। वहीं नई बाजार तुलसीपुर के अख्तर हुसैन ने कहा कि 12 किमी साइकिल से आकर इंतजार करना पड़ता है। एजेंसी का फोन भी रिसीव नहीं होता। एजेंसी संचालक राजू सिंह ने बताया कि तकनीकी दिक्कत के कारण 13 तारीख से गैस की आपूर्ति बंद है। एजेंसी पर करीब 13 हजार उपभोक्ता हैं और 1300 सिलेंडर बुक हो चुके हैं। पहले प्रतिदिन लगभग 150 सिलेंडर का वितरण किया जाता था।

## शब-ए-क़द्र की रात इबादत में डूबे लोग



शब-ए- कद्र पर अमन चैन और सलामती की दुआ करते लोग। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर अमृत विचार :** पवित्र रमज़ान माह के अंतिम अशरे में आने वाली बरकतों और रहमतों से भरी शब-ए-क़द्र की रात को लेकर उतरौला नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था और उत्साह का माहौल रहा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ इस मुक़द्दस रात में इबादत कर अल्लाह से रहमत, मग़फ़िरत और सलामती की दुआएं मांगीं। उलेमा ने बताया कि 26 रमज़ान के बाद आने वाली 27वीं रात को प्राय: शब-ए-क़द्र के रूप में विशेष एहतिमाम के साथ मनाया जाता है। इस रात का इस्लाम में खास महत्व है, क्योंकि इसी रात कुरआन शरीफ नाज़िल हुआ और इसे हजार महीनों से बेहतर बताया गया है। नगर की विभिन्न मस्जिदों में पूरी रात नफ़्ल नमाज़, कुरआन शरीफ की तिलावत, तौबा-इस्तिग़फ़ार और इबादत का सिलसिला चलता रहा। नमाज़ियों ने अपने गुनाहों की माफी मांगते हुए मुल्क व कौम की सलामती के लिए दुआ की। इस संबंध में प्रिंसिपल मौलाना नुरुद्दीन स्माइली ने कहा कि रमज़ान इंसान को सब्र, परहेज़गारी और इंसानियत का संदेश देता है। इस महीने में की गई नेकी का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है, इसलिए हर मुसलमान अधिक से अधिक इबादत करता है। सुन्नी जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद, अता-ए-रसूल जामा मस्जिद समेत नगर की कई मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग इबादत में शामिल हुए। वहीं तरावीह की नमाज़ मुकम्मल होने पर इमामों को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

## नगर पालिका में पांच सभासद मनोनीत

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में शासन द्वारा पांच सदस्यों को मनोनीत किए जाने के बाद नगर में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि नए नामित सभासद नगर के विकास कार्यों को गति देंगे। शासन की ओर से चन्दन श्रीवास्तव, कन्हैयालाल कौशल, कृष्ण गोपाल, आशीष कुमार तिवारी तथा वीरेन्द्र कुमार गुप्ता को सभासद के रूप में मनोनीत किया गया है। मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने सभी नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये सभी लंबे समय से समाज सेवा से जुड़े रहे हैं और जनसेवा के प्रति समर्पित हैं। वहीं, विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दूबे, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र सिंह, भाजपा नेता जनार्दन तिवारी, सूर्यलाल दूबे, रवि श्रीवास्तव और अशोक सिंह उर्फ गिंडू सहित अन्य लोगों ने भी सभी नामित सभासदों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## कूला पर कब्जे के विरोध में किसानों का प्रदर्शन



अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर के वार्ड नंबर 8 में कूला (नाला) पर कब्जा किए जाने के आरोप को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ताओं ने तहसील उपाध्यक्ष आलम खान के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। किसान नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि कुछ भू-माफिया प्रवृत्ति के लोग क्षेत्र में प्लॉटिंग का कार्य कर रहे हैं और गाटा संख्या 309, जो राजस्व अभिलेखों में कूला/नाला दर्ज है, उसे मिट्टी डालकर पाटने और कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। भाकियू नेताओं ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर कूला को अतिक्रमण से मुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस पर अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कूला या नाली पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने ऐसा करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के दौरान आलम खान के साथ शोएब कमर खान, अरमान खान, बदरुज्जमां खान, रियाज अहमद खान, इलियास अहमद, जुल्फिकार साहब-ए-आलम, राम बहादुर यादव सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## सहायिका भर्ती के अभिलेख का सत्यापन शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी सहायिका के 877 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन सोमवार से विकास भवन सभागार में शुरू कर दिया गया। पहले दिन बाल विकास परियोजना बलरामपुर नगर, रेहरा बाजार और पचपेड़वा क्षेत्र की वरीयता सूची में शामिल शीर्ष दो अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए बुलाया गया। कुल 211 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था जिनमें से 184 ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया। शहर क्षेत्र में बुलाए गए 28 अभ्यर्थियों में से 19 ही पहुंचे। वहीं रेहरा बाजार में 101 में से 88 और पचपेड़वा में 82 में से 77 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग में भाग लिया। मंगलवार को उतरौला, गैसड़ी और गैंड़ास बुजुर्ग परियोजनाओं की अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद ने बताया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ मेरिट के आधार पर की जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों को आगाह किया कि यदि कोई व्यक्ति या कर्मचारी भर्ती के नाम पर धन की मांग करता है तो इसकी शिकायत करें। सीडीओ हिमांशु गुप्त ने भी स्पष्ट किया कि चयन पूरी तरह योग्यता और मानकों के अनुसार होगा।

# गोंडा के 437 स्कूलों को घोषित किया गया निणुण

● **अपर मुख्य सचिव ने जारी की सूची, स्कूलों की दीवारों पर बनेगा निपुण विद्यालय लोगो**

**गोंडा, अमृत विचार:** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जिले के 437 परिषदीय विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित किया गया है। डीएलएड प्रशिक्षुओं की आकलन रिपोर्ट के आधार पर इन स्कूलों को यह दर्जा मिला है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव की ओर से निपुण विद्यालयों की सूची जारी कर दी गई। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि चयनित विद्यालयों की दीवारों पर निपुण विद्यालय का लोगो अंकित कराया जाए और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए।

जिले में यह योजना वर्ष 2023 से प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत यह परखने की जिम्मेदारी डीएलएड प्रशिक्षुओं को सौंपी गई थी कि कितने विद्यालय निपुण लक्ष्य को हासिल कर पाए हैं। फरवरी माह में प्रशिक्षुओं ने विभिन्न परिषदीय स्कूलों में पहुंचकर बच्चों के शैक्षिक स्तर का आकलन किया और अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी। इसी रिपोर्ट के आधार पर जिले के 437 विद्यालय निपुण लक्ष्य हासिल करने में सफल पाए गए। अब इन विद्यालयों को औपचारिक रूप से निपुण विद्यालय घोषित कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के इस फैसले से परिषदीय स्कूलों में उत्साह का माहौल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि निपुण लिस्ट में जिले के 437 स्कूलों को स्थान मिला है। यह विभाग के लिए प्रसन्नता का विषय है। आगे और बेहतर परिणाम के लिए प्रयास जारी रहेगा।

## बाढ़ खंड में बिना टेंडर करोड़ों के भुगतान का आरोप

**बलरामपुर अमृत विचार :** बाढ़ खंड बलरामपुर में कार्यों में अनियमितता और बिना टेंडर प्रक्रिया के भुगतान का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू' ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने की मांग की है। पूर्व विधायक ने पत्र में आरोप लगाया है कि बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता द्वारा बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए उपखंडीय स्तर के अनुबंधों के माध्यम से करोड़ों रुपये का भुगतान चहेते ठेकेदारों के नाम कर दिया गया। उन्होंने मांग की है कि मामले के अभिलेखों की जांच कराई जाए और निरीक्षण के लिए टीम गठित की जाए। पत्र में कहा गया है कि बाढ़ खंड बलरामपुर में लगभग 40 से 50 प्रतिशत कार्य ठेकेदारों द्वारा बिना टेंडर प्रक्रिया के कराए गए हैं। पूर्व विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी के मधवानगर खादर, इमिलिया खदर, बरगदहा और सोहना का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां बरसात में बाढ़ की स्थिति बनती है, लेकिन किए गए कार्य मानक के अनुरूप नहीं हैं।

# कांग्रेस का विकास भवन में धरना

● **मनरेगा मजदूरी भुगतान में देरी पर किया प्रदर्शन**



मनरेगा भुगतान के लिए विकास भवन पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**बलरामपुर अमृत विचार :** मनरेगा मजदूरों के लंबित भुगतान को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विकास भवन परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने मजदूरों का बकाया भुगतान तत्काल कराने की मांग की।

जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने कहा कि सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी साबित हो रही हैं। मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को समय से मजदूरी न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि प्रदेश में करीब एक करोड़ मजदूर परिवार अपनी मजदूरी के भुगतान के लिए भटक रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को सरकार ने पूरी तरह उपेक्षित कर दिया है। मजदूरों और संविदा कर्मियों का भुगतान रोककर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कांग्रेस नेता मारकंडे मिश्रा ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान और मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।

पूर्व प्रत्याशी उमाशंकर तिवारी ने कहा कि मजदूरों का बकाया भुगतान तत्काल किया जाना चाहिए। यदि सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी।

धरना-प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम बहादुर दुबे, धर्मेंद्र मिश्र, दिलशाद हुसैन, डॉ. खलीलुल्लाह, नंदलाल, मणि तिवारी, सुशील शुक्ला, प्रदीप शर्मा, कमलेश वर्मा, विजय कुमार उपाध्याय, अवधेश पाल सिंह, राजेश कुलदीप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिव्यांग युवक को मृत दिखाकर राशन कार्ड से हटा दिया नाम

**पूर्ति विभाग**

● **तरबगंज विधायक ने पत्र भेज कर युवक को जिंदा होने की बात कही और जांच की उठाई मांग**

**गोंडा, अमृत विचार:** विकासखंड तरबगंज क्षेत्र मे प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता की हद पार करने वाला मामला सामने आया है। राशन कार्ड में एक दिव्यांग युवक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि वह जीवित है। इस चौंकाने वाली गड़बड़ी ने विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

ग्राम दुफेड़िया निवासी दिव्यांग संदीप कुमार का नाम परिवार के राशन कार्ड में दर्ज था। आरोप है कि 19 फरवरी 2026 को उसका नाम पहले हटाया गया और फिर उसी दिन उसे मृत दिखाकर सूची से हटा दिया गया। हैरानी की बात यह है कि युवक जीवित है लेकिन कागजों में उसकी 'मौत' हो चुकी है। यह कोई मामूली त्रुटि नहीं, बल्कि गंभीर प्रशासनिक लापरवाही या संभावित भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। मामला बढ़ने पर क्षेत्रीय विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र लिखकर जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर जिंदा व्यक्ति को कागजों में मृत दिखाया गया है, तो यह बेहद गंभीर मामला है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मामले की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की बात कही है। जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी । दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**कथित ऑपरेटर को दे रखा है पासवर्ड, वही करते हैं गड़बड़ी :** पूर्ति विभाग में ऐसी लापरवाही पहली बार नहीं हुई है, इससे पूर्व भी कई बार राशन कार्ड से नाम काटने की बात सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि तरबगंज में तैनात पूर्ति निरीक्षक महेश कुमार का ना तो फोन उठाता है ना ही उनसे मुलाकात हो पाती है, इसकी भी कई बार शिकायत डीएसओ से हो चुकी है। राशन कार्ड आवेदक तरबगंज तहसील से लेकर पूर्व निरीक्षक कार्यालय तक दौड़ लगाते हैं लेकिन पूर्ति निरीक्षक से मुलाकात नहीं हो पाती है।

आरोप यह भी लगा कि पूर्ति निरीक्षक द्वारा बाहरी लोगों के माध्यम से राशन कार्ड का आवेदन लिया जाता है और जब वह लोग सिस्टम को पूरा करते हैं तो राशन कार्ड जारी किया जाता है। दो युवक इंस्पेक्टर का सारा कार्य देखते हैं जो इन कथित ऑपरेटर से मुलाकात करता है उसी का कार्य होता है।

# अवैध निर्माण रोकने गए लेखपालों को दबंगों ने पीटा

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा चौबे में ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने पहुंचे दो लेखपालों के साथ दबंगों द्वारा मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने लेखपालों के मोबाइल छीन लिए और राजस्व अभिलेखों को भी फाड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद समेत चार अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी जनक लाल तिवारी और ज्ञानेंद्र तिवारी द्वारा चकमार्ग की ग्राम समाज भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा था। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने संबंधित अधिकारियों से की थी। शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल मनीष कुमार अपने सहयोगी लेखपाल अंकुर कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और पैमाइश कर रहे थे। इसी दौरान दीपक मिश्रा, जनक लाल तिवारी, ज्ञानेंद्र तिवारी सहित अन्य अज्ञात लोग वहां पहुंचे और दोनों लेखपालों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दबंगों ने दोनों के मोबाइल छीन लिए और राजस्व दस्तावेजों को फाड़ते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। पीड़ित लेखपालों की तहरीर पर पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडे ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** एक सप्ताह पहले बरही के निमंत्रण में नाचने को लेकर मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के खम्हरिया निवासी दुर्गा प्रसाद व मनोज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों को पुलिस द्वारा न्यायालय भेज दिया गया है। आरोपितो की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी राजीव कनौजिया व आरक्षी लव कुश मौर्य द्वारा की गई है।


**फार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर।**

पत्रांक : मु0चि0अ0/चि0अ0/विज्ञापन / 2025–26/25611–01 दिनांक: 16.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति (वाक इन इन्टरव्यू)**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक 179/ एसपीएमयू/एन0एच0एम0/ डिस्ट्रिक्ट वॉक–इन/2023–24/4150 दिनांक 18.08.2023 एवं पत्रांक 179/ एसपीएमयू / एनएचएम / डिस्ट्रिक्ट वॉक–इन/2023–24/6132 दिनांक 30.10.2023 के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में संविदा पर चिकित्साधिकारियों (एम0बी0बी0एस0) के पदों पर भर्ती प्रक्रिया हेतु संविदा के आधार पर चयन वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से किये जाने के निर्देश के क्रम में जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत वर्तमान में रिक्त तथा नवीन स्वीकृत पदों पर एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती किये जाने एवं अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद बलरामपुर के अनुमोदन दिनांक 15.03.2026 के क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत चिकित्साधिकारियों (एम0वी0बी0एस0) के रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से किया जाना है जिसका विवरण निम्नवत है: –

| S. No. | Programme Name | Position Name | Educational Qualification | Total Vacancies | | | | Approved Honoraria for Vacant Position per month (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | OBC | SC | EWS | |
| 1 | Maternal Health | LMO | MBBS | 0 | 0 | 1 | 0 | 1,00,000.00 |
| 2 | District Hospital Strengthening | EMO | MBBS | 0 | 0 | 3 | 1 | 1,00,000.00 |
| 3 | Child Health (SNCU) | MO | MBBS | 2 | 0 | 1 | 0 | 1,00,000.00 |
| 4 | NUHM-UPHC | MO | MBBS | 1 | 0 | 0 | 0 | Rs. 80,000.00+20,000.00 performance based incentive |
| 5 | U-AAM (NUHM) | MO | MBBS | 2 | 1 | 2 | 0 | Rs. 80,000.00+20,000.00 performance based incentive |
| 6 | NPCDCS | MO | MBBS | 0 | 0 | 2 | 0 | 1,00,000.00 |
| 7 | Telemedicine | MO | MBBS | 1 | 0 | 0 | 0 | 1,00,000.00 |
| 8 | Blood Bank | MO | MBBS | 1 | 0 | 0 | 0 | 1,00,000.00 |

आवेदन हेतु निर्देश :–

- उपरोक्त समस्त पदों पर वाक–इन–इन्टरव्यू दिनांक 27 मार्च, 2026 को प्रातः 10: 00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में सम्पन्न कराया जायेगा।
- माह मार्च, 2026 के उपरान्त रिक्ति पूर्ण होने तक प्रत्येक शुकवार को प्रातः 10: 00 बजे से वाक इन इन्टरव्यू आयोजित की जायेगी।
- समस्त अभ्यर्थियों को पंजीकरण एवं डाकूमेन्ट वेरीफिकेशन के लिये कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में निर्धारित दिवस व समय प्रातः 10: 00 बजे तक उपस्थित होना होगा।
- इच्छुक अभ्यर्थी को वाक–इन–इन्टरव्यू में नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण प्रत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों सकते है।
- यह पद पूर्णतया: नियत मानदेय पर संविदा शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण कोई दावा नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
- उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
- साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- इच्छुक अभ्यार्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
- चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
- कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति / राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के वेतन के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर।** **जिलाधिकारी बलरामपुर।**


## चंपक वन में "कमीशन राज" की कहानी, पड़ोसी ठेकेदारों की दबंगई पर अब एकजुट हुए अपने



**नारदनामा**

**राकेश सिंह, बलरामपुर, अमृत विचार :** चंपक वन में विकास कार्यों के नाम पर लंबे समय से चल रहे खेल की जड़ें अब काफी गहरी हो चुकी थीं। हालात ऐसे थे कि यहां निकलने वाले अधिकतर टेंडरों पर पड़ोसी बीट के ठेकेदार कब्जा जमा लेते थे। बताया जाता है कि इन ठेकेदारों ने चंपक वन के कुछ स्थानीय ठेकेदारों से दोस्ती कर रखी थी और 40 प्रतिशत तक अग्रिम कमीशन देकर काम हथिया लेते थे। जरूरत पड़ने पर वे स्थानीय ठेकेदारों को हड़काने से भी नहीं चूकते थे। चंपक वन के सीधे-साधे वन्यजीव लंबे समय तक इन गतिविधियों का विरोध करने के बजाय खामोश रहे। पड़ोसी ठेकेदारों को चंपक वन के सत्ताधारी जिला अध्यक्ष का भी संरक्षण प्राप्त बताया जाता है, जिन पर हर काम में 10 प्रतिशत कमीशन लेने की चर्चा रही। परिणाम यह हुआ कि पीडब्ल्यूडी, मंडी समिति, सिंचाई और आरईएस जैसे विभागों में विकास कार्यों की गुणवत्ता सवालों के घेरे में आ गई। यहां तक कि एक सड़क ऐसी बनी जो हाथ लगाने भर से उखड़ने लगी। मामले को जंगल के मीडिया कर्मियों ने उजागर किया तो जांच बैठी, लेकिन जांच भी ठंडी पड़ गई। आखिरकार चंपक वन के ठेकेदारों ने पड़ोसी ठेकेदारों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। चेतावनी दी गई कि बाहरी ठेकेदार आए तो जवाब मिलेगा। एक ठेकेदार की पिटाई की घटना के बाद मामला और गरमा गया। अब टाइगर ने भी मातहतों को ऐसे ठेकेदारों की सूची बनाने का निर्देश दिया है जो अपनी बीट छोड़कर दूसरे क्षेत्रों में दखल दे रहे हैं। इससे पड़ोसी ठेकेदारों में खलबली मच गई है। वहीं चंपक वन के ठेकेदार एकजुटता के जयकारे लगा रहे हैं और कहते हैं कि अब "कालीन भैया" के अच्छे दिन ढलने वाले हैं।

**खेलकूद** | **ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता**

# वाराणसी व प्रयागराज फाइनल में



फाइनल में पहुंची टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन के मैचों का उद्घाटन रणविजय सिंह और राम उदित सिंह ने किया।

सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में वाराणसी ने मेरठ को 2-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में प्रयागराज ने बाराबंकी को 1-0 से पराजित किया। मैचों के कमिश्नर अयूब शाह रहे, जबकि निर्णायक मंडल में मनोज तिवारी, अशोक सिंह, विनय कुमार, मो. आकिब, मेहरुद्दीन, संजय सिंह, कु. शालिनी, कविता पटेल, कल्पना कुमारी और रियाज अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव राजेश पाण्डेय व स्टेडियम का स्टाफ मौजूद रहा। क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर ने अतिथियों का आभार जताया।

**वॉलीबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय पं. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 17 से 19 मार्च तक आयोजित होने वाली वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन आशीष त्रिपाठी (जिला महामंत्री, भाजपा), नीरज मौर्या (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा) एवं प्रिन्स चौरसिया (जिला उपाध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा) द्वारा किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो आगामी दिनों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

